14 June -26 page 1 13-06-26 9:47 PM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली रविवार 14 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 171 पेज -08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## 'बेटियां सबकी सांझी होती हैं' : 'अखिलेश की बेटी पर टिप्पणी मामले में तुरंत एफआईआर करवाई', आजमगढ़ में बोले योगी




**आजमगढ़।** मैं पिछले दिनों देख रहा था। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री के खिलाफ कुछ लोगों ने गलत टिप्पणियां की थीं। जैसे मेरे संज्ञान में आया। पुलिस से मैंने कहा इसमें एफआईआर दर्ज कराओ, बेटी के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। बेटी, बेटी होती है और हम तो संस्कार में हैं। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

**'चेले- चपाटों को भी थोड़ा उपदेश दे दो' :** उन्होंने कहा कि कहा जाता है कि गांव की बेटी सबकी बेटी, गांव की बहन सबकी बहन है। हमने तो कोई भेदभाव नहीं किया, लेकिन अखिलेश जी दूसरों को उपदेश देते हो, अपने चेले- चपाटों को भी थोड़ा उपदेश दे दो कि अपनी भाषा को संयम कर लें। दूसरों के प्रति टिप्पणी करने के पहले स्वयं भी सोचा करो कि आपके लोग इस प्रकार की भाषा का प्रयोग बहन और बेटियों के प्रति बुजुर्गों के प्रति, दिवंगत लोगों के प्रति और वरीष्ठ नेताओं के प्रति करते हैं। इसके बारे में उनको भी संस्कारित करने की आवश्यकता है। अच्छा होगा उनको समझाओ और नहीं समझ सकते तो हमारे हवाले कर दो। हम उनको अच्छी तरह समझा देंगे।

**'बेटी की शिक्षा और बेटी की शादी की स्कीम भी हमारे पास है' :** सीएम योगी ने कहा कि आज बेटी की शिक्षा और बेटी की शादी की स्कीम भी हमारे पास है। 2017 और 2014 के पहले क्यों नहीं हुआ? एक्सप्रेस-वे 2017 के पहले क्यों नहीं बन पाया? ये विश्वविद्यालय भी पहले क्यों नहीं बन पाया? नर्सिंग कॉलेज क्यों नहीं बन पाया? कारण था करने की इच्छा शक्ति नहीं थी। युवाओं को नौकरी क्यों नहीं मिल पाई? कनेक्टिविटी इतनी अच्छी क्यों नहीं आ पाई थी? गोरखपुर जाने के लिए आसपास का व्यक्ति यहां से चलता है तो एक घंटे में गोरखपुर, मात्र डेढ़ से 1.75 घंटे में वाराणसी पहुंचता है, ढ़ाई घंटे में लखनऊ पहुंचता है।

**बिना भेदभाव के शासन की योजना से भी लोगों को जोड़ेंगे' :** कहा कि हमने गति बढ़ाने का काम, हर गरीब को सिर ढकने के लिए छत, हर गरीब के घर में शौचालय, हर बेटी की सुरक्षा की व्यवस्था, हर व्यापारी को भी सुरक्षा की व्यवस्था किया है। हम बिना भेदभाव के सुरक्षा देंगे। बिना भेदभाव के शासन की योजना से भी लोगों को जोड़ेंगे।

लेकिन अगर किसी ने गरीब की जमीन को हड़पने का काम किया, बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाया और किसी व्यापारी के साथ भी जबरदस्ती करने का काम किया तो फिर हम उसकी गारंटी नहीं ले पाएंगे।

## नये प्रभारी मंत्री के सामने कब रखेंगे मन की बात

### कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच क्या नहीं हो रहा है संवाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रभार वाला सीन बदल गया है और अब धर्मपाल सिंह जिले के प्रभारी मंत्री हैं। प्रभारी मंत्री दरअसल अधिकारियों और योजनाओं के बीच का सेतू होते हैं।

राज्य सरकार के विषयों को सरकारी मशीनरी कितनी गम्भीता से देख रही है इसकी समीक्षा करते हैं। लेकिन प्रभारी मंत्री की एक जिम्मेदारी ये भी होती है कि पार्टी के कार्यकर्ता जब उनसे अपनी बात रखते हैं तो वो संवाद कायम करते हें। अगर कोई विवाद है तो उस विवाद को सुलझाते हैं, मध्यस्ता करते है। प्रभारी मंत्री वाली पारी यहां जिन मंत्रियों ने खेली है उन्हें भी कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी है। पुलिस अधिकारी भी प्रभारी मंत्री रहे और कार्यकर्ताओं ने असीम मुददे रखे।

कितने मुददों का समाधान हुआ ये अलग बात है। अधिकारी नहीं सुनते हैं से लेकर हाउस टैक्स जैसे मुददे तक प्रभारी मंत्री के पास पहुंच। उससे पहले भी ये विषय लगातार उठते रहे हैं। सवाल अब ये उठा है कि अगर कार्यकर्ता प्रभारी मंत्री से अपनी बात रख रहे हैं। अगर पदाधिकारी किसी विषय को रख रहे हैं तो एक बड़ा विषय ये है कि क्या जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कायम नहीं कर रहे हैं। आखिर कार्यकर्ता सांसद , मेयर, कैबिनेट मंत्री, विधायक , एमएलसी के पास कोई समस्या लेकर जाते नहीं है या ये जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता की समस्याओं का समाधान नहीं करते हैं। ऐसा क्या है कि जब भी प्रभारी मंत्री आते हैं तो अपने मन की पीड़ा, अपने मन की बात कार्यकर्ता उनके सामने रखते हैं।

## लोनी बॉर्डर क्षेत्र में 1211 अपराधियों का सत्यापन

### यक्ष एप से चला पुलिस का विशेष ट्रैकिंग अभियान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अपराधियों की निगरानी और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सीपी जे रविंदर गौड ने जनपद में दो दिवसीय विशेष सत्यापन एवं सर्च अभियान चलवाया है। इसी क्रम में शनिवार को डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में यक्ष एप के माध्यम से व्यापक और सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान में एसीपी लोनी-अंकुर विहार, थाना प्रभारी सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की विभिन्न टीमों ने पूरे क्षेत्र में पैदल गश्त कर संवेदनशील स्थानों, मोहल्लों और प्रमुख मार्गों पर सघन चेकिंग की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया गया। यक्ष एप की सहायता से हत्या, हत्या के प्रयास, सदोष मानव वध, दंगा, चोरी, लूट, गौवध और अन्य गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों को चिन्हित कर उनकी वर्तमान गतिविधियों और स्थिति की जानकारी जुटाई गई। अभियान के दौरान कुल 1211 अपराधियों का सत्यापन किया गया, जिनमें 88 हिस्ट्रीशीटर, 29 हत्या के आरोपी, 59 लुटेरे, 370 चोर, 61 स्नैचर, 40 दुष्कर्म एवं छेड़छाड़ के आरोपी तथा 564 अन्य श्रेणी के अपराधी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य हत्या, दंगा और जानलेवा हमलों जैसे गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखना, उनकी जमानत की शर्तों और वर्तमान गतिविधियों की जांच करना है। इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण लोनी बॉर्डर में अन्य राज्यों और जनपदों से आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की भी कड़ी निगरानी की जा रही है।

पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियारों की आवाजाही और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए भी विशेष सतर्कता बरत रही है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अभियानों से आम नागरिकों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## मोदी के 12 साल बेमिसाल, योगी मॉडल से अपराधियों में खौफ : प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह

**- सबका साथ-सबका विकास-विश्वास ने भारत की बदली तस्वीर, ऑपरेशन लंगड़ा और बुलडोजर कार्रवाई से सुधरी कानून व्यवस्था**

**- गाजियाबाद में उद्यमियों और मीडिया से संवाद, मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री व गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने मोदी सरकार के कार्यकाल को विकास, सुशासन और जनकल्याण का स्वर्णिम दौर बताया।

विकास भवन सभागार में आयोजित उद्यमी परिचय बैठक एवं मीडिया संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का मंत्र आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भारत की नई पहचान बन चुका है। मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। कृषि, उद्योग, व्यापार, आधारभूत ढांचे और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने विकास और सुशासन के ऐसे मानक स्थापित किए हैं, जो पूर्ववर्ती सरकारों के लिए चुनौती बने हुए हैं। तो वहीं धर्मपाल सिंह ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की भी खुलकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन लंगड़ा, माफियाओं पर कार्रवाई और बुलडोजर नीति के कारण अपराधियों में कानून का भय पैदा हुआ है, जिससे प्रदेश में उद्योग और व्यापार के लिए बेहतर वातावरण बना है। आज उद्यमी निर्भय होकर निवेश कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश देश के सबसे पसंदीदा निवेश केंद्रों में शामिल हो चुका है। कार्यक्रम के दौरान उद्यमियों ने भी मोदी और योगी सरकार की नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार, बेहतर कनेक्टिविटी और प्रशासनिक सहयोग से व्यापार एवं उद्योग को नई गति मिली है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा, डॉ. मंजू सिवाच, अजीत पाल त्यागी, विधायक लोनी नंद किशोर गुर्जर, पूर्व एमएलसी दिनेश गोयल, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह समेत प्रशासनिक अधिकारी, व्यापारी, उद्यमी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मोदी मॉडल बना वैश्विक पहचान

करंट क्राइम : प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है। ह्यसबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वासह्व की नीति ने समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम किया है। गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान सम्मान और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार ने देश की विकास यात्रा को नई दिशा दी है।


### योगी के ऑपरेशन लंगड़ा और बुलडोजर की सराहना

करंट क्राइम : मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध और माफियावाद पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। ऑपरेशन लंगड़ा, अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और बुलडोजर अभियान के कारण कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। इससे निवेशकों और उद्यमियों का भरोसा बढ़ा है तथा प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिली है।

### उद्यमियों को बांटी टूल किट और ऋण स्वीकृति पत्र

करंट क्राइम : कार्यक्रम में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को टूल किट और ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। मंत्री ने कहा कि सरकार स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उद्यमियों ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत होने से गुंडाराज और अराजकता समाप्त हुई है। सड़क, रेल और हवाई संपर्क के विस्तार के साथ बिजली और सुरक्षा जैसी सुविधाओं में सुधार से उद्योगों को बड़ा लाभ मिला है। इससे निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।

> "सरकार की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सुरक्षित वातावरण और बेहतर आधारभूत ढांचे के कारण उत्तर प्रदेश निवेश और उद्योग का प्रमुख केंद्र बन रहा है।
>
> — धर्मपाल सिंह, प्रभारी मंत्री गाजियाबाद



### पार्टी की विचारधारा और सेवा भाव ही भाजपा को बनाते हैं अलग: धर्मपाल सिंह



करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट व जिला प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह के गाजियाबाद आगमन पर मोहन नगर स्थित मॉडर्न कॉलेज में ह्लकार्यकर्ता संवाद बैठकह्व का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में हुई इस बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कार्यकताओं के सुझावों पर चर्चा करना था। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है जो 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर काम करता है। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जन धन, आवास, उज्ज्वला और किसान सम्मान निधि जैसी ऐतिहासिक योजनाओं के जरिए अंत्योदय की सोच को धरातल पर उतारा है। इस अवसर पर संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन, अमरदत्त शर्मा, अजय शर्मा, सरदार एस.पी. सिंह, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा, पूर्व मेयर आशु वर्मा, सहकारिता क्रय विक्रय समिति के सभापति वीरेंद्र सारस्वत, जिला सहकारी बैंके के डायरेक्टर हरिकांत शर्मा, डॉ. वीरेश्वर त्यागी, संजय कश्यप, अनिल खेड़ा, गौरव चोपड़ा, प्रदीप वाल्मीकि, पंकज भारद्वाज, राजन आर्य, सचिन डेढा, रनीता सिंह, मीडिया प्रभारी नीरज शर्मा, करण शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह से पार्षदों की शिष्टाचार भेंट, विकास कार्यों को गति देने के निर्देश





करंट क्राइम। जनपद के प्रभारी व कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में क्षेत्र के पार्षदों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मंत्री जी ने सभी जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। बैठक में पार्षदों ने मंत्री जी को अपने क्षेत्रों की विकास संबंधी आवश्यकताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीन चौधरी, पार्षद राजीव शर्मा, नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, पूनम सिंह, राजकुमार राजू सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जनांदोलनों की विफलता ने बड़े बदलाव की उम्मीदों को किया कमजोर : बालेश्वर त्यागी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश में दो बड़े जन आंदोलनों की असफलता ने निकट भविष्य में किसी बड़े आंदोलन की संभावनाओं को समाप्त कर दिया है। एक बड़ा आंदोलन लोकनायक जयप्रकाशनारायण के नेतृत्व में 1974 में हुआ था और दूसरा बड़ा जन आंदोलन अन्ना हजारे के नेतृत्व में दिल्ली में 2011 में प्रारंभ हुआ था। हमने दोनों आंदोलनों को निकट से देखा था। एक प्रकार से दोनों आंदोलनों में स्वयं प्रतिभाग करके देखा था। लोगों में बदलाव के लिए संघर्ष का जज्बा और सफलता का विश्वास उन आंदोलनों की प्राणवायु थे। दोनों आंदोलन भ्रष्टाचार के विरुद्ध थे जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और छात्रों ने भाग लिया था।युवाओ ने बड़े बदलाव के सपने देखे थे । दोनों आंदोलन सत्ता की लोलुपता की भेंट चढ़ गए।1977 में जनता ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ कर फेंक दिया था। उत्तर भारत के कई राज्यों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। लेकिन 1980 आते आते सत्ता को लेकर जनता पार्टी टूट गई। और कांग्रेस पुनः वापिस लौट आई। 31 वर्ष बाद पुनः देश ने एक बड़े जन आंदोलन से बड़े बदलाव का सपना देखा ।अन्ना हजारे के नेतृत्व में चले आंदोलन ने जनलोकपाल को देश में फैले भ्रष्टाचार के समाप्ति का सपना देखा। लेकिन वह आंदोलन भी अरविंद केजरीवाल की सत्ता की भूख और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया ।दोनों आंदोलनों की असफलताओ ने युवा शक्ति को इतना निराश किया कि अब वे किसी पर विशेष तौर से राजनेताओं पर तो भरोसा करने को तैयार नहीं हैं। अब निकट भविष्य में किसी बड़े जन आंदोलन की कल्पना दिवा स्वप्न से इतर कुछ नहीं है।

भारत में जन आंदोलनों का इतिहास बताता है कि जनता उसके पीछे खड़ी होती है जिसका उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं है। दूसरे आंदोलन का नेतृत्व किसी ऐसे व्यक्ति के हाथ में हो जिसकी करनी और कथनी में साम्य का इतिहास हो। अब चाहे वह महात्मा गांधी हों या जयप्रकाशनाय हों , या अन्ना हजारे हों। सत्ता प्राप्ति के लिए प्रयासरत किसी राजनेता या किसी दल को चुनाव में जीत मिले या हार मिले वह अलग विषय है लेकिन कोई राजनेता कोई बड़ा जन आंदोलन खड़ा नहीं कर सकता है। तीसरी सबसे महत्वपूर्ण बात , देश में कभी केवल व्यवस्था को उखाड़ने के लिए आंदोलन नहीं हुए। जब तक जनता को विकल्प का कोई ठोस आश्वासन या रूपरेखा नहीं दिखाई तब तक केवल बदलाव के लिए आंदोलन सफल नहीं हुए। गांधी जी ने ग्राम स्वराज्य , जयप्रकाशनारायण ने ग्राम समिति के माध्यम से जन भागीदारी की रूप रेखा प्रस्तुत की और अन्नाहजारे ने जनलोकपाल के माध्यम से भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था के प्रस्ताव पर ही जन आंदोलन खड़ा हो सका।

आज अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी जिस जैन जी से नैपाल, बंगला देश और श्री लंका जैसे आंदोलन के सपने देखते हैं वे भूल जाते हैं कि अरविंद केजरीवाल के कारनामों ने ही देश में किसी बड़े बदलाव के सपने की भ्रूण हत्या की है। राहुल गांधी भी जिस राजनैतिक विरासत के उत्तराधिकारी हैं , वह स्वयं भ्रष्टाचार की गंगोत्री रही है। गांधी जी के नेतृत्व में लोगों ने देश में दूध की नदियां बहाने के सपने देखे थे उन्होंने आजादी के बाद देश की सार्वजनिक संपत्ति की लूट को स्वयं नगीं आंखों से देखा है , इसलिए उन पर भरोसा नहीं जमता है। जब तक देश में कोई भरोसेमंद नेतृत्व जो स्वयं सत्ता की दौड़ में शामिल न हो और उसका आचरण जबतक विश्वसनीय नहीं होगा तब तक कोई जन आंदोलन खड़ा नहीं किया जा सकता है।



# वायुसेना विमान हादसे में पांच जवान शहीद

## जोरहाट एयरबेस पर लैंडिंग के दौरान क्रैश हुआ था एएन-32 मालवाहक




**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना की तरफ से बताया गया है कि असम के जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना में पांच जवान बलिदान हो गए हैं। वायुसेना की तरफ से जवानों के बलिदान पर गहरा दुख जताया गया है। वायुसेना का कहना है कि स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया।

**जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन पर हादसा :** बता दें कि, असम के जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन पर शनिवार को भारतीय वायुसेना का अठ-32 मालवाहक विमान लैंडिंग के तुरंत बाद आग की चपेट में आ गया था। इस घटना के बाद एयरबेस पर अफरा-तफरी मच गई और तुरंत इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने अपना काम शुरू कर दिया गया था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, जैसे ही विमान रनवे पर उतरा, उसमें अचानक आग लग गई और उससे घना धुआं उठने लगा। यह नजारा काफी भयावह था, जिसे देखते ही एयरपोर्ट और वायुसेना की फायर और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने तुरंत आग बुझाने का अभियान शुरू किया था।

वायु सेना ने इस दुर्घटना का कारण पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' (जांच समिति) बनाई जा रही है। भारतीय वायु सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। वायु सेना ने कहा, 'आज जोरहाट में लैंडिंग के दौरान आईएएफ के एक एएन-32 विमान का एक्सीडेंट हो गया। दुर्घटना का कारण पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का गठन किया जा रहा है'। इससे पहले, रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि असम के जोरहाट जिले में लैंडिंग के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना तब हुई जब विमान रोवरियाह इलाके में आईएएफ के एयरबेस पर लैंड कर रहा था। एएन-32 विमान, जो सोवियत दौर में बना था, भारतीय वायुसेना के लिए कई दशकों से एक अहम ट्रांसपोर्ट विमान रहा है। खासतौर पर पूर्वोत्तर और पहाड़ी इलाकों में सामान और जवानों को पहुंचाने में इसका बड़ा योगदान रहा है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जताया शोक



इस दुर्घटना पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शोक जताते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'असम के जोरहाट में अल्ल-32 विमान दुर्घटना में पांच वायु सैनिकों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने अपनी ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। देश उनके साहस और सेवा को हमेशा गर्व और कृतज्ञता के साथ याद रखेगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में देश मजबूती से उनके साथ खड़ा है'।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ नए सेना प्रमुख नियुक्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया है। वह वर्तमान में सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। धीरज सेठ 30 जून, 2026 की दोपहर से अपना पदभार संभालेंगे। वर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी उसी दिन सेवानिवृत्त होंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं। उन्हें दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में कमीशन मिला था। उनका सैन्य कॅरिअर लगभग चार दशकों तक फैला हुआ है।

उन्होंने परिचालन, रणनीतिक और क्षमता विकास सहित कई क्षेत्रों में व्यापक अनुभव प्राप्त किया है। उन्होंने भारतीय सेना की युद्धक क्षमता और दीर्घकालिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अधिकारी ने विभिन्न परिचालन वातावरणों में हर स्तर पर कमान संभाली है। उनके कमांड असाइनमेंट में डेजर्ट सेक्टर में एक आर्मर्ड रेजिमेंट शामिल है। उन्होंने पश्चिमी थिएटर में एक आर्मर्ड ब्रिगेड की भी कमान संभाली है। जम्मू-कश्मीर में एक काउंटर-इंसर्जेंसी फोर्स का नेतृत्व भी किया है। लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में उन्होंने सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभाली।

**विभिन्न कमांड में अनुभव :** उन्होंने दिल्ली एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में भी कार्य किया। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैन्य गतिविधियों की देखरेख की। साथ ही कई औपचारिक जिम्मेदारियां भी निभाईं। सेना कमांडर के पद पर पदोन्नत होने के बाद उन्होंने दक्षिण पश्चिमी कमान संभाली। इसके बाद उन्होंने दक्षिणी कमान का नेतृत्व किया। यह दो परिचालन सेना कमानों की कमान संभालने का दुर्लभ सम्मान है। उन्होंने ढाई साल से अधिक समय तक महत्वपूर्ण थिएटरों में रणनीतिक निगरानी प्रदान की।

**आधुनिकीकरण में योगदान :** धीरज सेठ को सेना के आधुनिकीकरण में उनके योगदान के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है। उन्होंने सेना मुख्यालय में रणनीतिक योजना और क्षमता विकास में महत्वपूर्ण नियुक्तियां संभाली हैं। उन्होंने आधुनिकीकरण की दिशा और क्षमता रोडमैप को आकार दिया है।

# राम मंदिर के दान में गबन की रकम मिली

## रुदौली से 12 लाख की रकम बरामद



**अयोध्या।** राम मंदिर के दानपात्र से धन गबन के आरोप में रुदौली क्षेत्र के मीनापुर ठकुरन फगौली गांव में छापेमारी कर 10 से 12 लाख रुपये बरामद किए गए। कार्रवाई राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में की गई। बरामदगी आरोपी लवकुश मिश्रा के घर से हुई, जो मंदिर में कर्मी के रूप में कार्यरत रहा है।

लवकुश के पिता बच्चूलाल ने बताया कि ट्रस्ट के तीन-चार लोग उनके घर पहुंचे और ताला तोड़कर नकदी अपने साथ ले गए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस धन के बारे में कोई जानकारी नहीं थी क्योंकि वे गाजियाबाद में रह रहे थे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फैजाबाद में बन रहे मकान का उनके बेटे से कोई संबंध नहीं है और मकान निर्माण के लिए उन्होंने 10-12 बीघा खेत गिरवी रखा है। ग्रामीणों के अनुसार, लवकुश पहले कार मिस्त्री था और मंदिर में नौकरी मिलने के बाद उसकी आर्थिक स्थिति तेजी से बदली थी। वहीं गांव में यह भी चर्चा है कि कुछ रुपये घूर में छिपाकर रखे गए थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद किया है।

**लवकुश राम मंदिर में कर्मी के तौर पर कार्यरत रहा :** आरोपी युवक लवकुश मिश्रा (27 वर्ष) राम मंदिर में कर्मी के तौर पर कार्यरत रहा। उस पर दानपात्र के चढ़ावे के पैसे का गबन करने का आरोप है। लवकुश के पिता बच्चूलाल ने बताया कि राम मंदिर से चंपत राय सहित तीन-चार लोग उनके घर आए थे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फैजाबाद में बन रहे मकान का उनके बेटे से कोई संबंध नहीं है। यह मकान उन्होंने अपनी जमीन गिरवी रखकर बनवाया है। मेरा लड़का पिछले 5-6 महीने से राम मंदिर में काम कर रहा था। उसे वहां रवि मिश्रा ने काम पर लगवाया था।

रवि मिश्रा हमारे समधी हैं। फैजाबाद में जिस मकान का निर्माण हो रहा है, उसके लिए हमने बहुत पहले जमीन खरीद ली थी। उस जमीन और मकान से मेरे लड़के का कोई लेना-देना नहीं है। मैं करीब 10-12 बीघा खेत गिरवी रखकर मकान बनवा रहा हूं। मेरा लड़का जो पैसा राम मंदिर से लेकर आया था, उसे जो लोग यहां आए थे, वे अपने साथ लेकर चले गए। अब उससे हमारा कोई मतलब नहीं है।

**एक साल पहले उसे मंदिर ट्रस्ट में नौकरी मिली थी :** ग्रामीणों के अनुसार, लवकुश पहले कार मिस्त्री था। शादी के बाद करीब एक साल पहले उसे मंदिर ट्रस्ट में नौकरी मिली थी। गांव आने पर वह खूब पैसे खर्च करता था, यहां तक कि एक बार उसने शराब ठेके पर 50 हजार रुपये उड़ाए थे। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि पुलिस ने लवकुश की ओर से घूर में छिपाए गए रुपये भी बरामद किए हैं।

लवकुश के बाबा जगदम्बा मिश्रा गांव वालों से कहते थे कि मेरा नाती पैसा बहुत कमा रहा है मंदिर में जिसको दर्शन करना हो उसे मेरा नाती करवा देगा। वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग दबी जुबान कह रहे हैं कि लवकुश ने रुपयों को गांव के एक घूर में छिपा कर रखा था। पुलिस ने घूर से एक बोरी रुपया बरामद किया है।

# असम में 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को आधार कार्ड जारी करने पर रोक, सीएम सरमा का बड़ा फैसला




**गुवाहाटी।** अवैध घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए असम सरकार ने 18 साल से अधिक आयु के लोगों को आधार कार्ड जारी करने पर रोक लगाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को कैबिनेट बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है कि अब 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को सामान्य प्रक्रिया के तहत आधार कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। इस फैसले का मकसद ये है कि अवैध प्रवासी इस दस्तावेज को हासिल न कर सकें। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों में संबंधित जिले के उपायुक्त (डीसी) को राज्य सरकार के पास प्रस्ताव भेजना होगा। राज्य सरकार मामले की जांच के बाद तय करेगी कि संबंधित व्यक्ति आधार कार्ड पाने का पात्र है या नहीं। उसके बाद ही अनुमति दी जाएगी।

**आधार कवरेज 100 फीसदी से अधिक होने पर जताई चिंता :** सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में आधार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया लगभग चरम की स्थिति में पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा, कुछ जिलों में आधार कवरेज 100 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है। हमें यह पता लगाना होगा कि अतिरिक्त आधार कार्ड लेने वाले लोग कौन हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, यह कदम विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि कोई भी अवैध बांग्लादेशी नागरिक आधार कार्ड प्राप्त न कर सके।

सीएम सरमा ने बताया कि फिलहाल चाय बागान समुदाय और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों को आधार कार्ड जारी किए जाते रहेंगे, क्योंकि इन समुदायों के कई लोगों के पास अभी भी आधार कार्ड नहीं हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि यह छूट भी सीमित अवधि के लिए होगी। उन्होंने कहा, '1 अप्रैल 2027 से यह छूट भी समाप्त हो जाएगी और उस तारीख के बाद इन समुदायों के 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को भी आधार कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे।'

राज्य सरकार ने साफ किया है कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों और किशोरों के लिए आधार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया पहले की तरह जारी रहेगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा पहले भी कह चुके हैं कि असम में आधार कार्ड जारी करने के नियमों को और सख्त बनाया जाएगा और राज्य में आधार प्राप्त करना आसान नहीं होगा।

# दिल्ली में महंगाई का 'झटका'

## अधिक बिजली खर्च पर बढ़ेंगी दरें




**दिल्ली।** दिल्ली बिजली नियामक आयोग (डीईआरसी) ने फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। आयोग ने दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को मंजूरी दी है। राहत की बात यह है कि जिन घरेलू उपभोक्ताओं की मासिक बिजली खपत 500 यूनिट तक है, उन्हें इस बढ़ोतरी का कोई अतिरिक्त बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

इस निर्णय से 500 यूनिट से ज्यादा बिजली इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों पर जरूर असर पड़ेगा। ऐसे ग्राहकों के लिए बिजली की दरें 1 से 3.30 फीसदी तक बढ़ जाएंगी। हालांकि, सब्सिडी पाने वाले ग्राहकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इनमें वे ग्राहक शामिल हैं जो 200 से 500 यूनिट तक बिजली का उपयोग करते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला बिजली उत्पादन और ईंधन की बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

# जेल कर्मी पर हमले की कहानी झूठी: अदालत ने कैदी को किया बरी



**ठाणे।** ठाणे की एक सेशंस कोर्ट ने जेल अधिकारियों पर हमला करने के आरोपी एक कैदी को बरी कर दिया है। 25 साल के इस कैदी पर साल 2017 में ठाणे सेंट्रल जेल के भीतर अधिकारियों पर हमला करने का आरोप लगा था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सरकारी पक्ष आरोपी के खिलाफ आरोपों को पूरी तरह साबित करने में नाकाम रहा है। एडिशनल सेशंस जज जीटी पवार ने 11 जून को यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोपी अरमान नफीस खान को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है।

**अधिकारियों के दावों पर उठे गंभीर सवाल :** सरकारी पक्ष के मुताबिक, यह घटना दो मार्च 2017 की है। ठाणे सेंट्रल जेल के हाई-सिक्योरिटी बैरक में अरमान खान ने जेल अधिकारी संभाजी पिसे और दो अन्य कर्मचारियों पर लोहे की पत्ती से हमला कर दिया था। हालांकि, कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष की कहानी में कई बड़ी कमियां पाईं। जज ने अपने फैसले में नोट किया कि यह कथित घटना जेल के अंदर हुई थी, जहां कई अन्य कैदी भी मौजूद थे। इसके बावजूद कोर्ट के सामने कोई भी पुख्ता या चश्मदीद सबूत पेश नहीं किया जा सका।

**सीसीटीवी फुटेज छिपाने पर कोर्ट नाराज :** मामले की सुनवाई के दौरान जेल प्रशासन का रवैया भी संदिग्ध पाया गया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी के शरीर पर लगी चोटों के बारे में जेल अधिकारियों ने कोई साफ वजह नहीं बताई। कोर्ट ने यह भी माना कि आरोपी का यह दावा सही हो सकता है कि पहले जेल कर्मियों ने उसे पीटा और फिर खुद पर कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए यह झूठी एफआईआर दर्ज करा दी।

इसके अलावा जांच अधिकारी को घटना स्थल पर तुरंत जाने की इजाजत नहीं दी गई और मामले का सबसे अहम सबूत यानी सीसीटीवी फुटेज भी छिपा लिया गया।

### आविन दूध की आपूर्ति घटने पर पीएमके की चिंता, सरकार से हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली।** पीएमके नेता अंबुमणि रामदास ने तमिलनाडु सरकार से राज्य संचालित आविन दूध की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि आविन के लोकप्रिय स्टैंडर्डाइज्ड दूध (ग्रीन पैक) की आपूर्ति में भारी कमी की जा रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। रामदास ने कहा कि चेन्नई में प्रतिदिन करीब 7.5 लाख लीटर ग्रीन पैक दूध की बिक्री होती थी, लेकिन इसकी आपूर्ति घटकर लगभग 3.5 लाख लीटर रह गई है। उन्होंने दावा किया कि इससे लोगों को निजी कंपनियों का दूध खरीदना पड़ रहा है, जो प्रति लीटर करीब 24 रुपये महंगा है। पीएमके नेता ने कहा कि यदि उत्पादन लागत अधिक है तो सरकार को समाधान तलाशना चाहिए, लेकिन सबसे अधिक उपयोग होने वाले दूध की आपूर्ति कम करना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से आविन के ताजा दूध की बिक्री जारी रखने और किसी भी कटौती योजना को वापस लेने की मांग की।

# पोस्टर राजनीति पर सियासी संग्राम

## उदयनिधि का सीएम विजय पर हमला



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में निति आयोग की बैठक के बाद नया सियासी विवाद खड़ा हो गया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने दिल्ली में आयोजित निति आयोग की बैठक में द्रविड़ मॉडल सरकार की उपलब्धियों पर अपना पोस्टर चिपकाने का काम किया। उदयनिधि ने सवाल उठाया कि जिन उपलब्धियों का उल्लेख मुख्यमंत्री ने किया, वे उनकी एक महीने पुरानी सरकार की देन हैं या फिर पिछली सरकार के पांच वर्षों के काम का नतीजा हैं।

उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि मुख्यमंत्री विजय ने निति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक में तमिलनाडु को देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताने, महिलाओं की कार्यबल में 42 प्रतिशत भागीदारी, महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वयं सहायता समूहों की प्रगति जैसे मुद्दों का उल्लेख किया। उन्होंने पूछा कि क्या ये उपलब्धियां वर्तमान सरकार के एक महीने के कार्यकाल में हासिल हुई हैं या फिर पूर्व द्रविड़ मॉडल सरकार के शासनकाल में विकसित हुई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के सामने वास्तविक तस्वीर पेश नहीं कर रही है। उदयनिधि ने मुख्यमंत्री के नीट संबंधी रुख को लेकर भी सवाल खड़े किए। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान विजय ने नीट को लेकर अलग रुख अपनाया था, जबकि निति आयोग की बैठक में उन्होंने मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए बारहवीं कक्षा के अंकों के आधार पर प्रवेश की वकालत की।

### तमिलनाडु में मासिक बिजली बिलिंग की मांग

**तमिलनाडु।** पीएमके संस्थापक एस. रामदास ने तमिलनाडु सरकार से द्विमासिक बिजली बिलिंग प्रणाली समाप्त कर मासिक बिलिंग लागू करने की मांग की है। उनका कहना है कि हर दो महीने में एकमुश्त बड़ी राशि जमा करना मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए कठिन साबित होता है। रामदास ने कहा कि मासिक बिलिंग से उपभोक्ताओं पर वित्तीय दबाव कम होगा और भुगतान में देरी तथा जुमार्ने की समस्या भी घटेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का पूरा लाभ तभी मिलेगा जब बिलिंग प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए। पीएमके प्रमुख ने आरोप लगाया कि द्विमासिक मीटर रीडिंग के दौरान गलत आंकड़े, औसत खपत और अधिक यूनिट दर्ज होने जैसी शिकायतें लगातार सामने आती हैं। उनके अनुसार डिजिटल मीटर व्यवस्था लागू होने के बाद मासिक बिलिंग तकनीकी रूप से पूरी तरह संभव है और इससे उपभोक्ताओं को बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण मिलेगा।

# निपाह और शिगेला संक्रमण पर केरल सरकार सख्त

## स्वास्थ्य मंत्री बोले- हालात नियंत्रण में, घबराने की कोई जरूरत नहीं




**तिरुवनंतपुरम।** केरल में निपाह वायरस को लेकर बढ़ी चिंताओं के बीच राज्य सरकार ने राहत भरी जानकारी दी है। स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा है कि निपाह से संक्रमित मरीज की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है और उसके संपर्क में आए सभी लोगों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। राज्य में शिगेला संक्रमण के कुछ मामले भी सामने आए हैं, लेकिन सरकार का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए है और लोगों से सतर्क रहने की अपील कर रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने बताया कि निपाह संक्रमित मरीज की स्थिति पहले जैसी ही बनी हुई है और उसकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि मरीज के संपर्क में आए लोगों के नमूनों की जांच कराई गई थी, जिनकी सभी रिपोर्ट निगेटिव आई हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग को बड़ी राहत मिली है। अधिकारियों का मानना है कि फिलहाल संक्रमण के फैलने का कोई नया संकेत नहीं मिला है, लेकिन एहतियात के तौर पर निगरानी जारी रखी गई है।

मंत्री ने बताया कि मरीज के संपर्क में आए सभी लोगों के नमूने जांच के लिए भेजे गए थे। इन नमूनों की जांच पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) में की गई। जांच रिपोर्ट में किसी भी व्यक्ति में निपाह संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि यह सकारात्मक संकेत है, लेकिन वायरस की गंभीरता को देखते हुए सतर्कता में कोई कमी नहीं बरती जाएगी।

निपाह के साथ-साथ शिगेला संक्रमण के कुछ मामले भी राज्य के अलग-अलग हिस्सों से सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि तिरुवनंतपुरम, वायनाड और कुछ अन्य क्षेत्रों में शिगेला संक्रमण के मामले दर्ज हुए थे। हालांकि समय रहते उठाए गए कदमों की वजह से स्थिति नियंत्रण में आ गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल कोई खतरनाक स्थिति नहीं है और स्वास्थ्य विभाग लगातार हालात पर नजर रखे हुए है।

स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि मई से सितंबर के बीच का समय निपाह संक्रमण के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है।

उन्होंने लोगों से चमगादड़ों को छूने या उन्हें उकसाने से बचने की सलाह दी। यदि कहीं बड़ी संख्या में चमगादड़ दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को देने को कहा गया है। सरकार का कहना है कि निपाह संक्रमण को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

निपाह एक जूनोटिक वायरस है, जो मुख्य रूप से फल खाने वाले चमगादड़ों से फैलता है। संक्रमित जानवरों या संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थों के संपर्क में आने से भी यह संक्रमण फैल सकता है।

# योग से मिर्गी के इलाज में मिलेगी बड़ी राहत

## कम हो सकता है मानसिक तनाव; एम्स के वैज्ञानिकों ने मिलकर किया अध्ययन




**नई दिली।** मिर्गी (एपिलेप्सी) से पीड़ित लोगों के लिए काम की खबर है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली के वैज्ञानिकों ने मिलकर एक अध्ययन किया है। इसके जरिए मालूम चला है कि नियमित योग से मिर्गी के मरीजों को बड़ा फायदा मिल सकता है। यह न सिर्फ मरीजों का मानसिक तनाव कम कर सकता है, बल्कि उनके भीतर मौजूद सामाजिक कलंक की भावना को भी कम कर सकता है। अध्ययन में शामिल मरीजों ने योग करने के बाद खुद को ज्यादा आत्मविश्वासी, सामाजिक रूप से स्वीकार्य और मानसिक रूप से बेहतर पाया।

यह एक रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल था, जिसमें वयस्क मिर्गी रोगियों को शामिल किया गया। शोधकताओं ने प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा। एक समूह को निर्धारित अवधि तक नियमित योग प्रशिक्षण दिया गया, जबकि दूसरे समूह को सामान्य चिकित्सा देखभाल मिलती रही। अध्ययन के दौरान शोधकताओं ने यह आकलन किया कि योग का मरीजों की सामाजिक सोच, मानसिक स्वास्थ्य और बीमारी से जुड़े कलंक की भावना पर क्या प्रभाव पड़ता है।

शोध में पाया गया कि योग करने वाले मरीजों में मिर्गी को लेकर शर्म या हीन भावना में कमी आई। सामाजिक रूप से अस्वीकार किए जाने का डर घटा। मानसिक तनाव और चिंता के स्तर में सुधार देखा गया। जीवन की गुणवत्ता बेहतर हुई। आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता बढ़ी।

### क्या करें मिर्गी रोगी?

नियमित योग और ध्यान करें, तनाव कम होगा।

दवा कभी न छोड़ें, इसे रोज एक ही समय पर लें।

कम से कम 8 घंटे की नींद लें, नींद की कमी से दौरे का खतरा बढ़ता है।

शराब और तंबाकू का सेवन बंद कर दें।

### बीमारी को लेकर मिथक और गलत धारणाएं समाज में व्याप्त- डॉ. राजेश सागर

एम्स के मनोचिकित्सा विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. राजेश सागर ने बताया कि भारत में लाखों लोग मिर्गी से पीड़ित हैं। बीमारी को लेकर आज भी कई मिथक और गलत धारणाएं समाज में मौजूद हैं। कई परिवार मरीजों को सामाजिक आयोजनों से दूर रखते हैं या बीमारी छिपाने की कोशिश करते हैं। इससे मरीजों में अकेलापन और अवसाद बढ़ सकता है। शोध बताता है कि अगर नियमित योगाभ्यास को चिकित्सा उपचार के साथ जोड़ा जाए तो मरीजों को मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी लाभ मिल सकता है। इससे वे सामान्य जीवन जीने में अधिक सक्षम हो सकते हैं।

14 June -26 page 3 6/13/2026 9:33 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...


03 ● नई दिल्ली। रविवार 14 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का करंट

Sunil Kumar Sharma · Follow
5h

सहारनपुर सहित देश का कोई गांव, कोई शहर, कोई क़स्बा, कोई मोहल्ला नहीं बचा है जो आदरणीय प्रधानमंत्री श्री Narendra Modi जी की योजनाओं से लाभान्वित न हुआ हो।

#12YearsOfSeva #Modiji
Amit Shah MYogiAdityanath Nitin Nabin Pankaj Chaudhary Bharatiya Janata Party (BJP) BJP Uttar Pradesh




# जिम ट्रेनरों की पहचान छिपाने पर क्यों हो झिझक?

## डीएम के फैसले के समर्थन में बोले लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर

**- लोनी विधायक ने सत्यापन अभियान का किया स्वागत**

**- कहा फर्जी पहचान और भ्रम फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिले के जिमों में कार्यरत ट्रेनरों और कोचों के सत्यापन व आई-कार्ड अनिवार्य किए जाने के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश को लेकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने खुलकर समर्थन जताया है। उन्होंने कहा कि समाज में पारदर्शिता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की वास्तविक पहचान सामने आना आवश्यक है। जो लोग सही तरीके से कार्य कर रहे हैं, उन्हें अपनी पहचान सार्वजनिक करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि उनके संज्ञान में लोनी क्षेत्र के एक जिम से जुड़ा मामला आया था, जिसमें एक युवक पर कथित रूप से अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर दूसरे नाम से काम करने के आरोप लगे थे। ऐसे मामलों ने लोगों के बीच चिंता पैदा की और प्रशासन को भी सतर्क किया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा सत्यापन अभियान शुरू किया गया है, जो स्वागत योग्य कदम है।

लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि जिम केवल व्यायाम और फिटनेस के केंद्र नहीं हैं, बल्कि वहां बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और परिवार भी आते हैं। ऐसे में वहां कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति का सत्यापन होना और उसका पहचान पत्र प्रदर्शित होना जरूरी है। इससे किसी प्रकार की गलतफहमी, फजीवाड़े या पहचान संबंधी विवादों की संभावना कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन को ऐसे मामलों में केवल निर्देश जारी करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

विधायक ने कहा कि सत्यापन व्यवस्था लागू होने से जिम उद्योग में पारदर्शिता बढ़ेगी, आम लोगों का भरोसा मजबूत होगा और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के इस निर्णय को जनहित और कानून-व्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जिले के सभी जिम संचालकों को इसमें सहयोग करना चाहिए और अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन कराकर नियमों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए।

# घर से निकली दो सगी बहनों को कोतवाली मिशन शक्ति टीम ने परिजनों से मिलाया, दो घंटे की मेहनत के बाद मिली सफलता

**बेटियों को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और गाजियाबाद पुलिस की मिशन शक्ति टीम के कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन के थाना कोतवाली घंटाघर नगर की मिशन शक्ति टीम ने तत्परता दिखाते हुए घर से बिना बताए निकली दो सगी बहनों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसएचओ सचिन कुमार के अनुसार शनिवार को मिशन शक्ति टीम को नया बस अड्डा क्षेत्र में दो नाबालिग बच्चियां लावारिस हालत में घूमती हुई मिलीं। पूछताछ में उनकी पहचान अलशिफा (10 वर्ष) पुत्री आस मोहम्मद व शानिया (9 वर्ष) निवासी सेक्टर-19, बाबा नगर, ओल्ड फरीदाबाद, हरियाणा के रूप में हुई। मिशन शक्ति टीम ने तत्काल बच्चियों से जानकारी लेकर उनके परिजनों का पता लगाया और संपर्क स्थापित किया। इसके बाद दोनों बच्चियों को उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया।अपनी बेटियों को सकुशल वापस पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और गाजियाबाद पुलिस की मिशन शक्ति टीम के कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस की इस संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई से एक संभावित अनहोनी टल गई।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राम अवतार जिंदल ने शनिवार को एक स्थानीय कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा मौजूदा कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र चौधरी तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया से मुलाकात की। इस दौरान डा. रामोतार जिंदल ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

## युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना मसूरी पुलिस ने युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक युवक और युवती को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ मृतक के परिजनों की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।जांच के दौरान सामने आया कि मृतक का युवती से लंबे समय से परिचय था। इसी बीच युवती और एक अन्य युवक के बीच बढ़ती नजदीकियों को लेकर भी तनाव की स्थिति बनी हुई थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने शनिवार को आरोपी अभिषेक कुमार वर्मा और ऋतिका को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बड़े मुद्दों पर खामोश क्यों है समाजवादी पार्टी

# खोड़ा में सूर्या से चिराग त्यागी तक हर बड़े घटनाक्रम में देरी से जाग रहा संगठन

**भाजपा पहुंची पहले, सपा पहुंची बाद में 2027 की तैयारी या सिर्फ दावेदारी**

**○ गाजियाबाद में मुद्दों से दूर दिख रही समाजवादी पार्टी**

**○ अखिलेश के इंतजार में गाजियाबाद, लेकिन स्थानीय संगठन क्यों है निष्क्रिय?**

समाजवादी पार्टी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर समाजवादी पार्टी भले ही प्रदेशभर में संगठन मजबूत करने और भाजपा के खिलाफ आक्रामक तेवर अपनाने का दावा कर रही हो, लेकिन गाजियाबाद में पार्टी की जमीनी सक्रियता कई सवाल खड़े कर रही है। जिले में पिछले कुछ दिनों में हुए कई चर्चित और संवेदनशील मामलों में सपा की मौजूदगी तब दिखाई दी, जब या तो प्रशासन कार्रवाई कर चुका था या फिर अन्य राजनीतिक दल पीड़ित परिवारों तक पहुंच चुके थे। खोड़ा के चर्चित असद प्रकरण से लेकर पैरालंपिक खिलाड़ी चिराग त्यागी हत्याकांड तक, समाजवादी पार्टी की भूमिका और सक्रियता को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है।

सवाल उठ रहे हैं कि क्या जिले का संगठन जनभावनाओं से जुड़े मुद्दों को समय रहते पकड़ने में नाकाम साबित हो रहा है या फिर चुनावी तैयारियों के दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर है।

### क्या गाजियाबाद को है अखिलेश यादव का इंतजार

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी माहौल बनाना शुरू कर चुके हैं। नोएडा से राजनीतिक संदेश देने के बाद अब गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं और नेताओं की नजर इस बात पर टिकी है कि अखिलेश यादव जिले में कब आएंगे और पांचों विधानसभा क्षेत्रों को लेकर क्या रणनीति सामने रखेंगे। गाजियाबाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण राजनीतिक जिला माना जाता है। ऐसे में अखिलेश यादव का दौरा न केवल संगठन में नई ऊर्जा भर सकता है बल्कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की दिशा और दशा भी तय कर सकता है। फिलहाल जिले के कार्यकर्ता इंतजार कर रहे हैं कि आखिर सपा का बड़ा राजनीतिक संदेश गाजियाबाद से कब और कैसे सामने आएगा।

### खोड़ा के असद मामले में भी देर से पहुंची सपा

**करंट क्राइम :** खोड़ा क्षेत्र में हुए चर्चित असद प्रकरण में समाजवादी पार्टी की सक्रियता उस समय देखने को मिली जब भाजपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इसके बाद सपा नेताओं की मौजूदगी चर्चा का विषय बनी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि विपक्ष की भूमिका निभाने वाली पार्टी को ऐसे मामलों में सबसे पहले पीड़ित परिवार के साथ खड़ा दिखाई देना चाहिए था। इसी के साथ सिटी क्षेत्र के चर्चित पैरालंपिक खिलाड़ी चिराग त्यागी हत्याकांड में भी सपा की सक्रियता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी और मामले में कार्रवाई आगे बढ़ चुकी थी। इसके बाद समाजवादी पार्टी के जिला और महानगर स्तर के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि पार्टी शुरूआत से ही परिवार के साथ खड़ी नजर आती तो उसका राजनीतिक और सामाजिक संदेश कहीं अधिक प्रभावी होता।

### लोनी समेत अन्य मुद्दों पर भी चुप्पी

**करंट क्राइम :** सूत्रों की मानें तो लोनी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों और कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी समाजवादी पार्टी का कोई बड़ा आंदोलन या मुखर रुख सामने नहीं आया है। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में पार्टी कार्यकर्ता और नेता सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार को मेरठ में समाजवादी पार्टी नेताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन की गूंज लखनऊ तक सुनाई दी, लेकिन गाजियाबाद में संगठन अपेक्षाकृत शांत नजर आया। यही कारण है कि पार्टी की स्थानीय रणनीति और नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठने लगे हैं। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही टिकट की दौड़ में शामिल संभावित दावेदारों की गतिविधियां बढ़ी हैं, लेकिन जनहित और संवेदनशील घटनाओं पर उनकी सक्रियता अपेक्षित स्तर पर दिखाई नहीं दे रही। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जनता के बीच मजबूत पकड़ बनाने के लिए केवल संगठनात्मक बैठकों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी मुद्दों पर भी तत्काल उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

# पीडीए के अधिकारों पर सबसे बड़ा हमला भाजपा सरकार ने किया : सपा

## आरक्षण घोटाले, बेरोजगारी, पेपर लीक और महंगाई को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के जिला एवं महानगर कार्यालय पर शनिवार को जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार पर आरक्षण विरोधी नीतियों, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक और महंगाई को लेकर तीखा हमला बोला गया। सपा नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा कराए गए पीडीए ऑडिट में यह तथ्य सामने आया है कि भाजपा सरकार ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के आरक्षण अधिकारों का व्यवस्थित तरीके से हनन किया है। आरोप लगाया गया कि वर्ष 2019 से 2026 के बीच विभिन्न सरकारी भर्तियों में लगभग 11,514 आरक्षित पदों की लूट की गई है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी ने एक विस्तृत पुस्तिका तैयार कर तथाकथित आरक्षण घोटाले को जनता के सामने रखा है।



नेताओं ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान और आरक्षण व्यवस्था सामाजिक न्याय की आधारशिला हैं, लेकिन भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना को कमजोर कर पीडीए वर्ग के युवाओं के अधिकारों पर प्रहार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि 69 हजार शिक्षक भर्ती, वन एवं वन्यजीव रक्षक भर्ती, एडेड जूनियर हाईस्कूल शिक्षक भर्ती, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती, कनिष्ठ सहायक भर्ती, लेखपाल भर्ती, कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती सहित 22 भर्ती परीक्षाओं में आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई।

प्रेसवार्ता में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में पारदर्शिता का अभाव है तथा बड़ी अवधि बीत जाने के बाद भी सूची पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी है। उन्होंने दावा किया कि एक ही मतदाता के नाम कई बार दर्ज हैं, जबकि पीडीए वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर काटे गए हैं।

सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, प्रतियोगी परीक्षाओं के लगातार पेपर लीक होने से छात्र-युवा वर्ग हताश और निराश है। उन्होंने नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। साथ ही बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि तथा भ्रष्टाचार को आम जनता की परेशानियों का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान, आरक्षण और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी तथा पीडीए वर्ग के अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी।

# ओमकार हत्याकांड कहीं विक्रम त्यागी कांड की तरह अनसुलझी पहेली न बन जाए

## 50-50 हजार के चार इनामी आरोपी गिरफ्तार, फिर भी 15 दिन बाद तक नहीं मिला शव

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी के गलोनी गांव निवासी ओमकार की हत्या का मामला अब पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। 50-50 हजार रुपये के चार इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी और कई जिलों में ताबड़तोड़ छापेमारी के बावजूद हत्या के करीब 15 दिन बाद भी ओमकार का शव बरामद नहीं हो सका है। यही वजह है कि अब यह केस पुलिस महकमे में चर्चा का विषय बन गया है और आशंका जताई जा रही है कि कहीं यह मामला राजनगर एक्सटेंशन निवासी विक्रम त्यागी हत्याकांड की तरह वर्षों तक अनसुलझी पहेली बनकर न रह जाए। पुलिस, क्राइम ब्रांच, एसओजी और डीसीपी स्तर के अधिकारियों की टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं, लेकिन अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है। शव की बरामदगी न होने से पूरे घटनाक्रम को लेकर नए सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में पहले ही चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी पर कार्रवाई हो चुकी है। ऐसे में पुलिस अधिकारियों पर बढ़ता दबाव साफ दिखाई दे रहा है और आने वाले दिनों में कुछ अन्य अधिकारियों की भूमिका भी जांच के घेरे में आ सकती है।



## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की साख दांव पर



### विक्रम त्यागी हत्याकांड की यादें फिर ताजा : एसटीएफ तक लगी थी, फिर भी नहीं मिला था सुराग

करंट क्राइम : पुलिस महकमे में चर्चा है कि यह मामला कहीं विक्रम त्यागी हत्याकांड की पुनरावृत्ति साबित न हो जाए। उस मामले में गाजियाबाद पुलिस के साथ-साथ यूपी एसटीएफ और कई विशेष जांच इकाइयों ने वर्षों तक प्रयास किए थे। नहरों, तालाबों और विभिन्न स्थानों से मिली लावारिस लाशों तक के डीएनए टेस्ट कराए गए, लेकिन विक्रम त्यागी का कोई ठोस सुराग आज तक नहीं मिल पाया। ओमकार केस में भी शव की बरामदगी न होना पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।



### बागपत का एक सिपाही भी रडार पर!

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों का दावा है कि एक सिपाही इस पूरे मामले के अहम राज जानता है। ओमकार हत्याकांड अब सिर्फ एक आपराधिक मामला नहीं बल्कि राजनीतिक और प्रशासनिक बहस का विषय भी बन चुका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बागपत में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस का एक सिपाही इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां रखता है। बताया जा रहा है कि उसके पास कई ऐसे राज हैं जो जांच की दिशा बदल सकते हैं। वह वर्तमान में गलोनी गांव में ही रह रहा है और जांच एजेंसियों की निगाहें उसके इर्द-गिर्द घूम रही हैं। हालांकि अभी तक पुलिस को उससे कोई निर्णायक सफलता नहीं मिली है।

### 90 पुलिसकर्मी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और गोताखोर भी लगे

### हिंडन से गंगा तक छान मारे जलाशय, फिर भी नहीं मिला ओमकार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए यह मामला प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में करीब 90 पुलिसकर्मी चौबीसों घंटे इस केस पर काम कर रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और विशेष गोताखोरों की मदद से हिंडन नदी, गंगनहर, गंगा किनारे के क्षेत्रों और आठ से अधिक बैराजों तक सर्च ऑपरेशन चलाया जा चुका है। इतना ही नहीं, बैराजों पर तैनात सफाई कर्मचारियों, स्थानीय पुलिस चौकियों और आसपास के जिलों के पुलिसकर्मियों को भी ओमकार की तस्वीरें उपलब्ध कराई गई हैं। बावजूद इसके न तो शव मिला और न ही ऐसा कोई सुराग, जिससे पुलिस किसी ठोस निष्कर्ष तक पहुंच सके।





### सबसे बड़ा सवाल, आखिर ओमकार का शव कहां है?

करंट क्राइम : चार इनामी आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, पुलिस की दर्जनों टीमें मैदान में हैं, नदियों-नहरों से लेकर बैराज तक खंगाले जा चुके हैं, लेकिन 15 दिन बाद भी ओमकार का शव गायब है। यही वह सवाल है जो पूरे मामले को रहस्यमय बना रहा है। अब सबकी निगाहें पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि जल्द कोई ठोस सफलता नहीं मिली तो यह मामला गाजियाबाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े कर सकता है।

# संवाद

## संपादकीय

# कानून व्यवस्था पर सवाल

हरियाणा के हांसी में एक जिम संचालक की सरेआम गोली मारकर हत्या कर देने की घटना ने एक बार फिर इस बात को उजागर किया है कि अपराधियों को कानून का कोई खौफ नहीं है। जब अपराधी खुलेआम हथियार लेकर घूमते हों और मौका पाकर इस तरह की वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाएं, तो कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इससे न केवल आमजन में असुरक्षा की भावना बढ़ती है, बल्कि सरकार के सुरक्षा एवं जांच तंत्र पर उनका भरोसा भी डगमगाने लगता है। सवाल है कि आखिर अपराधियों के भीतर कानून का भय क्यों खत्म हो गया है? इसे सुरक्षा एजेंसियों की लापरवाही और नाकामी नहीं, तो और क्या कहा जाएगा कि हत्या जैसी संगीन वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी आसानी से फरार हो जाते हैं? सरकार की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए समूची प्रणाली को आधुनिक तकनीक से लैस किया जा रहा है। इसके बावजूद अगर अपराध कम नहीं हो रहा, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

गौरतलब है कि हांसी में जिम संचालक की गुरुवार सुबह उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह लोगों के एक समूह को खुले में व्यायाम करा रहे थे। मोटरसाइकिल पर आए हमलावरों ने दस गोलियां चलाईं। यानी हमलावर यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि जिम संचालक किसी भी हाल में जिंदा न बचे। इस वारदात की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, लेकिन हमलावर फरार होने में कामयाब रहे।

इस घटना के कुछ घंटों बाद दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने एक जिम पर गोलीबारी की, जिसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक समूह ने ली है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या इन दोनों घटनाओं का आपस में कोई संबंध है। फिलहाल पुलिस इस बारे में जांच कर रही है।

मगर शासन-प्रशासन को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा कि सिर्फ कानून बना देने से सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त नहीं हो जाती। जब तक सुरक्षा एवं जांच तंत्र में हर स्तर पर सतर्कता, संवेदनशीलता और जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक कानून व्यवस्था में सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ से दर्दनाक मामले सामने आया है। यहां एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर मानसी अपने ससुराल में मृत पाई गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि पति सागर राजपूत और अन्य ससुराल वाले मानसी को लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वो कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने मानसी की हत्या कर दी और शव को फंदे से लटका दिया ताकि हत्या को आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

# 'भारत वैश्विक झटकों से निपटने को तैयार आर्थिक बुनियाद मजबूत' : अनंत नागेश्वरन



**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भारत का बाहरी क्षेत्र मजबूत हुआ है और देश वैश्विक झटकों का सामना करने के लिए बेहतर स्थिति में है। उन्होंने एआई और आर्थिक वृद्धि पर भी बात की। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारत का बाहरी क्षेत्र अब काफी मजबूत हो गया है। देश की व्यापक आर्थिक बुनियाद वैश्विक झटकों का सामना करने के लिए बेहतर स्थिति में है। एक आयोजन के दौरान नागेश्वरन ने बताया कि बाहरी क्षेत्र के जोखिमों में काफी कमी आई है।

भारतीय रिजर्व बैंक को रुपये को संभालने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करने का दबाव भी कम है। उन्होंने कहा कि बाहरी मोर्चे पर सबसे कठिन दौर अब पीछे छूट चुका है। हाल के वैश्विक संकटों के दौरान विवेकपूर्ण आर्थिक प्रबंधन और समय पर नीतिगत हस्तक्षेपों से यह बेहतर स्थिति बनी है। नागेश्वरन ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के 6.6 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति नियंत्रण में है। 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश को लंबे समय तक लगभग आठ प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। नागेश्वरन ने यह बात कही। हालांकि, उन्होंने कुछ संभावित चुनौतियों का भी जिक्र किया। यदि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो आर्थिक वृद्धि पर असर पड़ सकता है। कच्चे तेल की कीमतें लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने पर भी विकास दर प्रभावित होगी।

ऐसी स्थिति में वृद्धि दर घटकर करीब छह प्रतिशत तक आ सकती है। रोजगार और तकनीक के विषय पर नागेश्वरन ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में नए अवसर पैदा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को ऐसे कौशल विकसित करने होंगे जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ काम कर सकें।

# महंगाई ने तोड़ा 16 महीने का रिकॉर्ड, सोने-चांदी के आभूषणों और टमाटर-अदरक ने बिगाड़ा रसोई का बजट



**नई दिल्ली।** भारत में खुदरा महंगाई 16 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। सोना-चांदी के आभूषण, टमाटर, अदरक और अन्य रोजमर्रा की चीजों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। इस तपती गर्मी में सिर्फ मौसम का पारा ही नहीं चढ़ रहा है, आपके घर का मासिक बजट और रसोई का खर्च भी बढ़ रहा है। शुक्रवार को जारी हुए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई के आधिकारिक आंकड़ों ने साफ कर दिया है कि आम आदमी की जेब पर चौतरफा बोझ बढ़ रहा है।

### तेल और सर्फ की कीमतों में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 16 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसकी प्रमुख वजह चांदी और सोने के गहनों के साथ टमाटर एवं अदरक की कीमतों में तेल उछाल है। अगर खाद्य महंगाई के आंकड़े देखें, तो यह और भी डरावना है। खाद्य महंगाई बीते माह बढ़कर 4.78 फीसदी पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 4.20 फीसदी थी।

### महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह

महंगाई बढ़ने के पीछे सबसे बड़ा हाथ खाने-पीने की चीजों और व्यक्तिगत रखरखाव के खर्च का है। आंकड़ों के मुताबिक, व्यक्तिगत देखभाल, सामाजिक सुरक्षा और अन्य विविध वस्तुओं एवं सेवाओं की श्रेणी में महंगाई में सालाना आधार पर 18.46 फीसदी की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। रेस्टोरेंट-होटल जैसी सेवाएं 5.75 फीसदी और पान-तंबाकू 4.83 फीसदी महंगे हुए हैं, जिसने आम आदमी का खर्च बढ़ा दिया है।

# ईडी ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह के दो पूर्व अधिकारियों को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को मुंबई में रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) के दो पूर्व अधिकारियों को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ईडी ने सतीश सेठ और गौतम दोषी, जो दोनों रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड के पूर्व निदेशक रह चुके हैं, का ट्रांजिट रिमांड लिया है। ईडी के मुताबिक उन्हें दिल्ली ले जाया जा रहा है, क्योंकि मामला राष्ट्रीय राजधानी में दर्ज है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मार्च में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में कथित 114.98 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी की जांच के तहत दोनों के परिसरों पर छापेमारी की थी और मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने कहा था कि एसबीआई उन 11 बैंकों के कंसोर्टियम का सदस्य था, जिसने रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड को कुल 735 करोड़ रुपये की टर्म लोन सुविधा मंजूर की थी। ईडी को इस सीबीआई शिकायत का संज्ञान लेते हुए, इस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में सेठ और दोषी की भूमिकाओं की जांच करते हुए समझा जाता है। महंगाई और बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच सरकार ने प्याज किसानों को राहत देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। शनिवार से सरकार ने अपने 'बफर स्टॉक' के लिए प्याज की खरीद दर को बढ़ाकर 16.50 रुपये प्रति किलो कर दिया है। हालांकि, देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के किसान इस बढ़ोतरी से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं और वे 30 रुपये प्रति किलो के भाव की मांग कर रहे हैं।

# एलन मस्क बने दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर, दौलत ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

## स्पेसएक्स के 75 अरब डॉलर के ऐतिहासिक आईपीओ के बाद मस्क की संपत्ति 1.1 ट्रिलियन डॉलर के पार

### मस्क की संपत्ति पाकिस्तान की पूरी अर्थव्यवस्था से ढाई गुना अधिक बताई जा रही




**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क अब सिर्फ एक अरबपति नहीं रहे, बल्कि उन्होंने संपत्ति के मामले में एक ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है जो अब तक किसी भी व्यक्ति ने नहीं किया था। रॉकेट और सैटेलाइट कंपनी स्पेसएक्स के रिकॉर्ड 75 अरब डॉलर के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग के बाद मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बन गए हैं। शुक्रवार को स्पेसएक्स की अध्यक्ष ग्विन शॉटवेल और मुख्य वित्तीय अधिकारी ब्रेट जॉनसन ने नास्डैक पर शेयर सूचीबद्ध होते ही बेल बजाई। शुरूआती कारोबार में

मस्क की दौलत का एक बड़ा हिस्सा अब उनकी स्पेस कंपनी स्पेसएक्स से आ रहा है। इससे पहले गुरुवार को आए स्पेसएक्स के ऐतिहासिक आईपीओ ने शेयर बाजार से 75 अरब डॉलर जुटाए हैं, जिसने उनके बिजनेस पर निवेशकों के उत्साह को साबित किया है। रॉयटर्स की गणना के अनुसार, शुक्रवार को जब शेयरों की ट्रेडिंग शुरू हुई, तो टेस्ला और उनकी अन्य कंपनियों की हिस्सेदारी को मिलाकर मस्क की कुल संपत्ति 1.1 ट्रिलियन डॉलर (1.1 लाख करोड़ डॉलर) को पार कर गई। इसमें केवल स्पेसएक्स की ही लगभग 866 अरब डॉलर की हिस्सेदारी शामिल है।

इस आईपीओ से पहले फोर्ब्स ने मस्क की संपत्ति करीब 780 अरब डॉलर आंकी थी, जो अल्फाबेट के सह-संस्थापक लैरी पेज जैसे अमीरों से बहुत आगे थी। फोर्ब्स वेल्थ के डिप्टी एडिटर मैट डुरोट के अनुसार, दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति की संपत्ति लगभग 300 अरब डॉलर के आसपास झूल रही है, जो मस्क की संभावित दौलत के एक-तिहाई से भी कम है। अब तक केवल एक अन्य व्यक्ति, ओरेकल के संस्थापक लैरी एलिसन ही 400 अरब डॉलर की संपत्ति तक पहुंच पाए हैं।

मस्क का प्रभाव बाजार में इतना गहरा हो चुका है कि विश्लेषक उनके इर्द-गिर्द के व्यवसायों के नेटवर्क को मस्कोनॉमी कहते हैं। निवेशकों का उनकी दूरदृष्टि पर इतना गहरा विश्वास है कि उनकी कंपनियों को पारंपरिक वित्तीय पैमानों से परे एक वैल्यूएशन मिलता है।

# रोचक तथ्यों का करंट



- भारत में पहली मोशन पिक्चर 'द रेसलर्स' थी साल 1899 में एक चित्रकार फोटोग्राफर ने हरिश्चंद्र सखाराम भट्टावडेकर कहा था।
- आमिर खान की फिल्म 'लगान' में बॉलीवुड सिनेमा के इतिहास में एक भी फिल्म में कभी भी इतने ज्यादा ब्रिटिश अभिनेताओं द्वारा भूमिका नहीं निभाई गई थी।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा कि, जब धर्मेंद्र पहली बार फिल्म उद्योग में शामिल हुए थे, तो उनका वेतन केवल 51 रुपये का मामूली योग था।
- क्या आप जानते हैं? साल 1936 में अभिनेता बनने से पहले अशोक कुमार बॉम्बे टॉकीज में एक प्रयोगशाला सहायक थे।
- वहीदा रहमान ने अमिताभ बच्चन की मां और प्रेमी दोनों का किरदार निभाया है। उन्होंने प्रेमिका का किरदार फिल्म 'अदालत' (1976) और मां का किरदार फिल्म 'त्रिशूल' (1978) में निभाया था।
- फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर में अनिल कपूर की भूमिका के लिए शाहरुख खान पहली पसंद थे।
- राज ठाकरे साल 2005 में अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म बनाना चाहते थे।

# खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग में धातु पिन, तार का इस्तेमाल बंद करने का निर्देश

FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA
Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बड़ा कदम उठाया है। प्राधिकरण ने सभी खाद्य व्यवसाय परिचालकों को खाने-पीने की वस्तुओं और पार्सल की पैकेजिंग में धातु के पिन और तार का इस्तेमाल तत्काल बंद करने का निर्देश दिया है, ताकि उपभोक्ताओं की सेहत को किसी तरह के खतरे से बचाया जा सके। जन स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के हित में जारी एक परामर्श में एफएसएसएआई ने एफबीओ को यह चेतावनी भी दी कि अगर वे इस निर्देश का पालन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नियामक ने कहा, एफएसएसएआई के ध्यान में आया है कि सजावटी केक और ऐसे ही दूसरे उत्पाद बनाने और खाने के पैकेट, केक बॉक्स, मिठाई के डिब्बे, स्नैक पाउच, टेकअवे खाद्य पार्सल और खाने-पीने की दूसरी पैकेजिंग के लिए धातु या स्टेपल पिन और तार का इस्तेमाल किया जा रहा है। एफएसएसएआई ने कहा कि इससे खाद्य सुरक्षा का गंभीर खतरा पैदा होता है। नियामक ने कहा कि इस बात का काफी खतरा है कि ग्राहक अनजाने में ऐसी पिन खा सकते हैं। इससे नुकसान हो सकता है और सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

# राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

# चुटकुले

चिंटू ने पिंटू को बताई मजेदार बात...
चिंटू- लड़कियों के साथ कितना अच्छा है यार शादी से पहले पापा की परी होती हैं और शादी के बाद घर की लक्ष्मी हो जाती हैं।
पिंटू- और लड़के?
चिंटू- लड़कों का क्या, शादी से पहले पापा से मार खाते हैं और शादी के बाद बीवी से।

---

पत्नी- तुम इतनी शराब क्यों पीते हो?
पति- डार्लिंग नशे में तुम कितनी सुंदर लगती हो, मैं तुम्हारी तारीफ करने के लिए ही तो पीता हूं।
पत्नी- तुम भी ना, लाओ एक और पेग बनाती हूं।

---

क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा- बताओ, कांटों भरे रास्ते पर आपका साथ कौन देगा?
पति, पत्नी, भाई, बहन, मां-बाप, प्रेमी, प्रेमिका या दोस्त?
मिंटू खड़े होकर बोला - सर, चप्पल।
फिर मास्टर जी ने भी चप्पल से की शौंटी की पिटाई।

# 14 06 2026 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

### सेलेब्रिटी जन्मदिन


# आज के जन्मदिन



बिंदु माधवी (अभिनेत्री)




युवराज त्यागी | रियांश | शिवांश तोमर | रविन्द्र सिंह | गोपाल चौधरी




अनिल प्रमुख | विनय भार्गव | शाहिर चौधरी | पंकज गौतम | रमन वशिष्ठ | संदीप सिंघल



पंकज मलिक | नवल किशोर | अविराज गुर्जर | मोहित प्रसाद कौशिक | संजय भड़ाना



प्रदीप कुमार | गुरनाम सिंह | सुमित झा | मोहित कौशिक | शिवानंद गौर



अंकित शर्मा | कुणाल देव | रमन पंड़ित | इस्माईल खान | डीके सोनू

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मोरक्को के खिलाफ मैच से पहले ब्राजील को लगा झटका, पहले मुकाबले में नहीं खेल सकेंगे नेमार

**नई दिल्ली।** ब्राजील को फीफा विश्व कप में मोरक्को के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करनी है। लेकिन इससे पहले ही टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार खिलाड़ी नेमार ब्राजील के पहले मुकाबले में नहीं खेल सकेंगे।

फीफा विश्व कप 2026 में मोरक्को के खिलाफ होने वाले अपने पहले मुकाबले में ब्राजील फुटबॉल टीम स्टार खिलाड़ी नेमार के बिना खेलेगी। टीम के कोच कार्लो एंसेलोटी के अनुसार, पिंडली की चोट से उबर रहे नेमार पूरे ग्रुप स्टेज में शायद चयन के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। कतर में हुए फीफा विश्व कप 2022 में सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली मोरक्को टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले कोच एंसेलोटी ने कहा कि नेमार की फिटनेस में सुधार हो रहा है, लेकिन वह अभी वापसी के



लिए तैयार नहीं हैं। एंसेलोटी ने कहा, वह जल्द से जल्द फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वह अगले हफ्ते पूरी ट्रेनिंग पर लौट पाएंगे।

### क्या पूरे ग्रुप चरण से बाहर होंगे नेमार

मोरक्को से पहले मैच में भिड़ने के बाद ब्राजील का ग्रुप एफ में 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड से सामना होना है। हालांकि कोच ने किसी भी मैच के लिए नेमार के उपलब्ध होने की गारंटी नहीं दी। 34 साल के सैंटोस स्ट्राइकर शुक्रवार को फिर से ट्रेनिंग से गायब नजर आए। नेमार चोट के कारण पनामा और मिस्त्र के खिलाफ ब्राजील के वार्म अप मैच भी नहीं खेल पाए थे।

उनकी फिटनेस को लेकर चिंताओं के बावजूद एंसेलोटी ने बताया कि उन्होंने इस अनुभवी खिलाड़ी को अपनी विश्व कप टीम में क्यों शामिल किया।

उन्होंने कहा कि वह हमारी टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा उदाहरण हो सकते हैं। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी का मानना है कि नेमार सिर्फ अपने खेल से ही नहीं, बल्कि अपने अनुभव और नेतृत्व से भी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। एंसेलोटी ने कहा कि नेमार का अनुभव टीम को रिकॉर्ड छठा विश्व कप खिताब जीतने की कोशिश में काफी मदद कर सकता है।

मोरक्को के कप्तान अचरफ हकीमी ने माना कि वह फुटबॉल के सबसे बड़े स्टार्स में से एक नेमार का सामना न कर पाने से निराश हैं। पेरिस सेंट-जर्मेन क्लब के डिफेंडर और चैंपियंस लीग विजेता ने कहा, मैं सबसे अच्छे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना चाहता हूं और नेमार सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक हैं।

### विनिसियस जूनियर को नेमार के जल्द मैदान पर उतरने की उम्मीद

ब्राजील के स्टार खिलाड़ी विनिसियस जूनियर ने भी नेमार की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'नेमार मुझे प्रेरित करते हैं। मैं चाहता हूं कि वह जल्द फिट होकर मैदान पर वापसी करें। हम सभी उनके वापस खेलने का इंतजार कर रहे हैं।' हालांकि मोरक्को की टीम का कहना है कि नेमार की गैरमौजूदगी से उनकी रणनीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मोरक्को के कोच मोहम्मद ओआहबी ने कहा कि उनकी टीम ने दोनों परिस्थितियों के लिए तैयारी की थी, चाहे नेमार खेलें या न खेलें। ओआहबी ने कहा, हमने नेमार के साथ और बिना नेमार के ब्राजील का सामना करने की तैयारी की थी। उनकी अनुपस्थिति से हमारी योजना में कोई बदलाव नहीं होगा।

# अमेरिका ने पराग्वे को हराकर विश्व कप में जीत से की शुरूआत, फोलारिन ने दागे दो गोल

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका ने फीफा विश्व कप के मुकाबले में पराग्वे को एकतरफा अंदाज में मात दी। अमेरिका ने पराग्वे को 4-1 से हराया। फीफा विश्व कप के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब अमेरिका ने एक ही मैच में चार गोल किए हैं।



सह- मेजबान अमेरिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फीफा विश्व कप के अपने पहले मैच में पराग्वे को एकतरफा अंदाज में 4-1 से हराया। अमेरिका के लिए फोलारिन बालोगुन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे।

टीम ने शुरूआत से लेकर अंत कर दबदबा बनाए रखा और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। पराग्वे की टीम अमेरिका को चुनौती नहीं दे सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने इस मैच में विश्व कप के इतिहास का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**पहले हॉफ में बनाया दबदबा**

अमेरिका ने इस मैच के पहले हॉफ में ही दबदबा बना लिया था। सातवें मिनट में ही डेमियन बोबाडिला ने गोल दागकर अमेरिका को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद फोलारिन ने अपना कमाल दिखाया। उन्होंने पहले 31वें मिनट में पराग्वे के गोल पोस्ट को भेदा और फिर पहले हॉफ के इंजुरी समय में गोल दागा। इस तरह अमेरिका ने पहले हॉफ तक 3-0 की बढ़त अपने नाम कर ली थी। पहले हॉफ में पूरी तरह अमेरिका का दबदबा देखने को मिला और पराग्वे की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी।

**दूसरे हॉफ में पराग्वे ने की वापसी की कोशिश:** पहले हॉफ में बुरी तरह पिछड़ने के बाद पराग्वे के लिए मॉरिसियो ने गोल का खाता खोला। मॉरिसियो ने 73वें मिनट में गोल दागा जिससे स्कोर 3-1 हो गया। अमेरिका ने इस बाद आक्रामकता बढ़ाई और एक बार फिर पराग्वे के डिफेंस को भेदने की कोशिश की। निर्धारित 90 मिनट पूरे होने के बाद सात मिनट तक अतिरिक्त समय जोड़ा गया।

# लगातार दूसरे आईसीसी खिताब के लिए जोर लगाएगी भारतीय टीम, फुलमाली को मिल सकती है जगह

**एजबेस्टन।** भारतीय महिला टीम रविवार को महिला टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत करने उतरेगी। भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा जिसके खिलाफ उसका रिकॉर्ड दमदार है।

भारतीय महिला टीम आईसीसी टी20 विश्व कप में रविवार को अपने अभियान की शुरूआत करने उतरेगी। भारत का सामना ग्रुप-1 के मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच इस वैश्विक टूर्नामेंट में कोई प्रतिस्पर्धा ही नजर नहीं आती। भारत का रिकॉर्ड इस टीम के खिलाफ बेहद दमदार है, लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम चाहेगी कि वो बिना किसी गलती के एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करे।

**हेड टू हेड रिकॉर्ड:** भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 में अब तक 16 मुकाबले खेले गए हैं।

भारतीय महिला टीम ने 13 मैचों





में जीत दर्ज की है तो वहीं पाकिस्तान ने तीन मैच जीते हैं।

अगर टी20 विश्व कप में दोनों टीमों के बीच मुकाबलों की बात करें तो दोनों के बीच आठ बार भिड़ंत हुई है। भारत ने छह मौकों पर जीत दर्ज की है, जबकि पाकिस्तान दो ही मैच जीत सका है। भारत और पाकिस्तान के बीच 2024 टी20 विश्व कप में भी मैच खेला गया था जिसमें भारतीय महिला टीम ने छह विकेट से जीता था।

**मंधाना-शेफाली को दिलानी होगी मजबूत शुरूआत:** हर विभाग में संतुलित भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरूआत की उम्मीद होगी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी में 82 रन बनाने के बाद मंधाना ने अगले छह मैचों में 13, 12, 37, 0, 32 और आठ रन बनाए हैं। शेफाली ने जोहानिसबर्ग में 64 रन बनाने के बाद अगले पांच मैचों में 9, 4, 2, 22 और 11 रन बनाए। हरमनप्रीत कौर ने दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की जो मध्यक्रम के लिए अच्छा संकेत है। जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष और भारती फुलमाली पर भी रन बनाने की जिम्मेदारी होगी।

### इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11:

**भारत:** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, भारती फुलमाली, श्रेयंका पाटिल, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह।

**पाकिस्तान:** मुनीबा अली (विकेटकीपर), गुल फिरोजा, आयशा जफर, आलिया रियाज, फातिमा सना (कप्तान), इराम जावेद, नतालिया परवेज, तुबा हसन, डियाना बेग, नाशरा संधू, सादिया इकबाल।

# महिला टी-20 विश्व कप की धमाकेदार शुरूआत

## पहले ही मैच में टूटे रिकॉर्ड, इंग्लैंड का दिखा दबदबा

**एजबेस्टन।** महिला टी20 विश्व कप में मेजबान इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराकर विजयी शुरूआत की है। इंग्लैंड के लिए इस मैच में सलामी बल्लेबाज डैनी वॉट हॉग ने दमदार प्रदर्शन किया। इस मैच में कई रिकॉर्ड्स भी बने,

महिला टी20 विश्व कप की धमाकेदार शुरूआत हुई है। पहले मैच में मेजबान इंग्लैंड ने श्रीलंका को एकतरफा अंदाज में हराया। इस मैच में पूरी तरह से इंग्लैंड का दबदबा देखने को मिला और डैनी वॉट हॉग ने पहले ही मैच में शतक भी लगाया। इंग्लैंड ने इस तरह टूर्नामेंट में विजयी शुरूआत की है, जबकि श्रीलंका को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में कई रिकॉर्ड्स टूटे,

**महिला टी20 विश्व कप का सबसे बड़ा स्कोर**

पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर 219 रन बनाए, जो



महिला टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी है।

इंग्लैंड ने इस मुकाबले में श्रीलंका को 87 रनों से हराया। इससे पहले, महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी इंग्लैंड के नाम था। टीम ने साल 2023 में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पांच विकेट खोकर 213 रन बनाए थे। मैच की बात करें तो इंग्लैंड को एमी जोन्स और डैनी वॉट ने धमाकेदार शुरूआत दी। दोनों ने मिलकर सिर्फ 13.4 ओवर में 135 रन जोड़े। जोन्स ने 38 गेंदों में 53 रनों की दमदार पारी खेली, हालांकि जोन्स के आउट होने का ज्यादा फर्क वॉट पर नहीं पड़ा। उन्होंने दूसरे छोर से अपनी तूफानी बल्लेबाजी जारी रखी। वॉट 62 गेंदों में 105 रन बनाकर नाबाद रहीं। 169 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए उन्होंने अपनी शतकीय पारी में 13 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, कप्तान नैट साइवर ब्रंट ने भी अंत के ओवरों में आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंदों में नाबाद 46 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से छह चौके और एक छक्का निकला। 220 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की पूरी टीम 132 रन बनाकर सिमट गई। टीम की तरफ से नीलाक्षी डी सिल्वा ने सर्वाधिक 39 रन बनाए, जबकि हर्षिता समरविक्रमा ने 29 रनों का योगदान दिया।

**वॉट ने हासिल की उपलब्धियां**

वॉट महिला टी20 विश्व कप में इंग्लैंड की ओर अब सर्वाधिक रन बनाने वाली तीसरी बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने सारा टेलर को पीछे छोड़ दिया है। टेलर के नाम टी20 विश्व कप में 541 रन बनाने का रिकॉर्ड था, जबकि वॉट अब 593 रन बना चुकी हैं। इसके साथ ही उन्होंने महिला टी20 विश्व कप की चौथी और इंग्लैंड की तरफ से दूसरी सबसे बड़ी पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से इस मेगा इवेंट में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड हीथर नाइट के नाम है, जिन्होंने 2020 में 108 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि ऑस्ट्रेलिया की पूर्व बल्लेबाज मेग लेनिंग (126 रन) ने टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेली है।

### टोरंटो में सजी रंगारंग ओपनिंग सेरेमनी, नोरा फतेही की परफॉर्मेंस ने लूटी महफिल

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 की दूसरी ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार को कनाडा के टोरंटो स्थित बीएमओ फील्ड में भव्य अंदाज में आयोजित की गई। सितारों से सजी इस रंगारंग प्रस्तुति ने विश्व कप के कनाडाई चरण का शानदार स्वागत किया। समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री और अंतरराष्ट्रीय कलाकार नोरा फतेही ने अपने नए गाने 'Siir Siir' पर दमदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

ओपनिंग सेरेमनी में कनाडा की सांस्कृतिक विविधता को भव्य अंदाज में प्रदर्शित किया गया। विश्व कप ट्रॉफी की विशाल मोजेक-शैली की प्रस्तुति ने स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मशहूर गायिका अलानिस मॉरिसेट ने कनाडा का राष्ट्रगान प्रस्तुत किया, जबकि हॉलीवुड अभिनेता विल अर्नेट ने दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों का स्वागत किया।

# वैभव सूर्यवंशी की राह पर छोटे भाई आशीर्वाद

## स्थानीय मैच में जड़ा शतक, चौकों की कर दी बरसात, एक छक्का भी लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट की नई सनसनी वैभव सूर्यवंशी जहां अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवा रहे हैं तो अब उनके छोटे भाई आशीर्वाद भी उनकी राह पर चल दिए हैं। आशीर्वाद ने बिहार में एक स्थानीय मैच में दमदार बल्लेबाजी की जिस पर वैभव ने उन्हें बधाई दी है।

भारतीय टीम के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपने बल्ले से दमदार पारियां खेल रहे हैं। वैभव की प्रतिभा हाल ही में सभी ने आईपीएल 2026 में देखी थी, जहां उन्होंने दिग्गज गेंदबाजों के सामने निडर होकर बल्लेबाजी की। अब उनके छोटे भाई आशीर्वाद सूर्यवंशी भी उन्हीं की राह पर चल दिए हैं। आशीर्वाद ने बिहार के समस्तीपुर में एक स्थानीय मैच के दौरान अपना दम दिखाया और शतकीय पारी खेली।





**धैर्य और सूझबूझ से की बल्लेबाजी:** आशीर्वाद ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी की और 87 गेंदों पर 103 रन बनाए। ताजपुर क्रिकेट अकादमी के लिए खेलते हुए आशीर्वाद ने 118.39 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और अपनी पारी में 20 चौके और एक छक्का लगाया। दिलचस्प बात यह है कि जहां वैभव पहली ही गेंद से आक्रामक होकर खेलते हैं, उनके छोटे भाई आशीर्वाद इससे उलट हैं। आशीर्वाद ने धैर्य का परिचय देते हुए सूझबूझ से बल्लेबाजी की। आशीर्वाद की पारी का अंत प्रशांत राज ने किया।

**वैभव ने दी बधाई:** आशीर्वाद की पारी देखकर वैभव सूर्यवंशी भी गदगद हो गए और उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट कर आशीर्वाद को बधाई दी। इतना ही नहीं, वैभव के भाई उज्ज्वल ने भी सोशल मीडिया पर आशीर्वाद की पारी के बारे में पोस्ट किया। उज्ज्वल ने मैच की तस्वीरें और स्कोरकार्ड पोस्ट कर बताया कि आशीर्वाद ने अपने करियर का पहला शतक लगाया है।

**वैभव को पहली बार मिला सीनियर टीम में मौका:** मालूम हो कि वैभव सूर्यवंशी को अपने दमदार प्रदर्शन के दम पर सीनियर भारतीय टीम में पहली बार मौका मिला है। वैभव आयरलैंड के खिलाफ दो और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने गए हैं।

15 साल के वैभव को अगर प्लेइंग-11 में शामिल होने का मौका मिलता है तो वह भारत के लिए सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

# वर्ल्ड योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन, 114 पदकों के साथ रचा इतिहास



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** अहमदाबाद में आयोजित पहली वर्ल्ड योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। भारतीय दल ने कुल 114 पदक जीतकर वैश्विक मंच पर अपना दबदबा कायम किया। इसमें 102 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं।

व्यक्तिगत स्पधाओं में पंजाब की अलका पेरिवाल ने सीनियर गर्ल्स आयु वर्ग की बैकवर्ड बेंडिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अन्य खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन कर पदक तालिका में भारत को शीर्ष पर पहुंचाया।

इस प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए योगासन भारत ने अहमदाबाद स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। सभी आयु वर्गों से चुने गए 122 एलीट खिलाड़ियों ने इस शिविर में हिस्सा लिया।

टीम इंडिया के मुख्य कोच डॉ. सी.के. मिश्रा के नेतृत्व में खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ गहन प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन समारोह में टीम इंडिया की आधिकारिक घोषणा की गई। इस मौके पर वर्ल्ड योगासन और योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य तथा अध्यक्ष उदित सेठ मौजूद रहे।

# पहले मैच में हार से बचा कनाडा, अमेरिका की एकतरफा जीत, आज होंगे इतने मुकाबले

**लॉस एंजिलिस।** फीफा विश्व कप में दो दिन के खेल पूरे हो चुके हैं। दूसरे दिन कनाडा और अमेरिका ने दमदार प्रदर्शन किया। कनाडा की टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी, लेकिन पिछड़ने के बाद मैच ड्रॉ कराने में सफल रही, जबकि अमेरिका ने बोस्निया को हराया।

विश्व कप 2026 की धमाकेदार शुरूआत हो चुकी है। टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी दो मैच खेले गए। पहले मैच में कनाडा का सामना बोस्निया से हुआ। इस मैच में सह-मेजबान टीम ने बोस्निया को बराबरी पर रोका। वहीं, अमेरिका ने पराग्वे को हराकर विजयी शुरूआत की। विश्व कप में अब आज यानी तीसरे दिन ग्रुप चरण में कुल पांच मैच खेले जाएंगे।

**पिछड़ने के बाद कनाडा की वापसी:** फीफा विश्व कप 2026 के मुकाबले में सह-मेजबान कनाडा ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए बोस्निया-हजेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। एक समय पिछड़ने के



बावजूद कनाडाई टीम ने हार नहीं मानी और सुपर सब साइल लैरिन के अहम गोल की बदौलत मुकाबले में बराबरी हासिल कर ली। मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

कनाडा घरेलू दर्शकों के समर्थन के बावजूद शुरूआती बढ़त हासिल नहीं कर सका। इसके उलट 21वें मिनट में बोस्निया-हजेगोविना के जोवो ल्युकिक ने गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। बढ़त मिलने के बाद बोस्निया-हजेगोविना ने आत्मविश्वास के साथ खेल जारी रखा और कनाडा को बराबरी का मौका नहीं दिया। ब्रेक के बाद कनाडा ने आक्रामक रवैया अपनाया और लगातार बोस्निया के गोल पर दबाव बनाया। आखिरकार 78वें मिनट में बतौर विकल्प मैदान पर उतरे साइल लैरिन ने शानदार गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। आखिरकार मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

**अमेरिका की एकतरफा जीत:** सह- मेजबान अमेरिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फीफा विश्व कप के अपने पहले मैच में पराग्वे को एकतरफा अंदाज में 4-1 से हराया। अमेरिका के लिए फोलारिन बालोगुन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। टीम ने शुरूआत से लेकर अंत कर दबदबा बनाए रखा और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। पराग्वे की टीम अमेरिका को चुनौती नहीं दे सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने इस मैच के पहले हॉफ में ही दबदबा बना लिया था।

# बांग्लादेश के क्रिकेटर नईम ने चटगांव पुलिस पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप, मामले की जांच शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश के ऑफ स्पिनर नईम हसन ने चटगांव पुलिस पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाए हैं। नईम का कहना है कि उनके साथ यह घटना शुक्रवार की रात घटी। इस मामले पर पुलिस ने भी प्रतिक्रिया दी है और मामले की जांच करने की बात कही है।

बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाज नईम हसन ने आरोप लगाया है कि उनके गृहनगर चटगांव में कुछ पुलिस कर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया, उन्हें परेशान किया और कथित तौर पर मारपीट भी की। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू करने और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। नईम हसन हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम में चुने गए हैं।

### काफी परेशान दिखे नईम

घटना के बारे में बताते हुए नईम काफी परेशान और तनाव में दिखे। आरोप है कि यह घटना शुक्रवार देर रात हुई जब नईम प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के फाइनल प्रीमियर लीग, बांग्लादेश के टॉप लिस्ट ए प्रतिगोगिता मैच में आखिरी बार खेलने के बाद घर लौट रहे थे। नईम ने कहा, मेरा प्रीमियर लीग मैच चल रहा था, मेरी फ्लाइट लेट थी। मैं एयरपोर्ट से सीएनजी से संचालित ऑटो रिक्शा से जा रहा था और रात करीब 11 बजकर 25 मिनट पर पुलिस ने लंका बाजार फ्लाईओवर के नीचे मेरा ऑटो रिक्शा रोका और ड्राइवर से दस्तावेज ले लिए।

### पुलिस पर लगाया गला पकड़ने का आरोप

इस ऑफ स्पिनर के मुताबिक, शुरूआत में वह अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे थे और उन्होंने अपने बैग की तलाशी लेने तक के लिए हामी भर दी थी। नईम ने आगे बताया, 'मैंने कहा, 'तुम मेरा गला क्यों पकड़ रहे हो?' लेकिन उन्होंने मुझे धक्का देकर बाहर निकाल दिया। फिर उन्होंने मुझे पकड़ा, पीटा और गालियां दीं।' 25 साल के इस खिलाड़ी ने आगे कहा कि राष्ट्रीय टीम का सदस्य होने के नाते इस मुश्किल के शुरूआती दौर में उनके स्टेटस से कोई खास फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने कहा, मैंने उनसे यह भी कहा कि मैं एक नेशनल क्रिकेटर हूं और टेस्ट मैचों में देश का प्रतिनिधित्व करता हूं, लेकिन उन्होंने सुनने की जहमत नहीं उठाई और जब उन्हें फोन आए और मेरे बारे में बताया गया, तब उन्होंने अपना रवैया बदला।

### आरोपों पर पुलिस की आई प्रतिक्रिया

इन दावों पर बात करते हुए, चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी पुलिस कमिश्नर (उत्तर) अमीरुल इस्लाम ने कहा कि इस मामले की जांच चल रही है और अगर कोई पुलिस अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। अमीरुल ने कहा, हम आपको भरोसा दिला सकते हैं कि नईम को इंसाफ मिलेगा। हम मामले की जांच कर रहे हैं और जिसने भी यह किया है उसे सजा मिलेगी। हमारी इस मामले में जीरो टॉलेरेंस की नीति रही है, क्योंकि पुलिस का एक प्रोटोकॉल होता है और उन्हें इसे बनाए रखना चाहिए। इससे हमारी छवि जुड़ी होती है।



नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | रविवार • 14 जून -2026






# आईएमएस गाजियाबाद में अत्याधुनिक 'हाई-टेक मीडिया स्टूडियो' का उद्घाटन








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में आज विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। संस्थान में स्थापित अत्याधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत 'हाई-टेक मीडिया स्टूडियो' का भव्य उद्घाटन एक विशेष समारोह के दौरान संपन्न हुआ। इस स्टूडियो की स्थापना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक मीडिया तकनीकों से रूबरू कराना और उन्हें उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

## दिग्गज हस्तियों ने किया दीप प्रज्ज्वलन

इस विशेष अवसर पर मीडिया, सिनेमा और शिक्षा जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के महासचिव सी.ए. (डॉ.) राकेश छारिया, एग्जीक्यूटिव काउंसिल सदस्य सी.ए. विदुर छारिया और संस्थान की निदेशिका प्रोफेसर (डॉ.) जसकीरन कौर के साथ देश के प्रतिष्ठित समाचार एंकर सईद अंसारी, एबीपी न्यूज के प्रसिद्ध एंकर व अभिनेता श्रीवर्धन त्रिवेदी, एनडीटीवी के मैनेजिंग एडिटर अखिलेश शर्मा, लोकप्रिय रेडियो जॉकी आर.जे. मिशा और जाने-माने इन्फ्लुएंसर शिखर चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर इस हाई-टेक मीडिया स्टूडियो का औपचारिक शुभारंभ किया।

**उद्योग स्तर की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस**

यह नया स्टूडियो पूरी तरह से






डिजिटल और मीडिया जगत की आधुनिकतम तकनीकों से सुसज्जित है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण इकाइयाँ विकसित की गई हैं, जिनमें शामिल हैं:

**पॉडकास्ट सेटअप:** आधुनिक ऑडियो-विजुअल कंटेंट क्रिएशन के लिए। **प्रोफेशनल टेलीविजन व क्रोमा स्टूडियो:** वास्तविक न्यूज रूम और लाइव एंकरिंग के अनुभव के लिए। रेडियो प्रोडक्शन सेटअप: रेडियो शो, वॉयस-ओवर और साउंड एडिटिंग के व्यावहारिक ज्ञान के लिए।

**प्रिंट मीडिया प्रोडक्शन लैब:** समाचार पत्र और पत्रिकाओं की डिजाइनिंग व समकालीन लेआउट को समझने के लिए। इन सभी इकाइयों में मीडिया उद्योग में वर्तमान में प्रचलित



उपकरणों का उपयोग किया गया है, ताकि छात्रों को सीधे तौर पर वास्तविक कार्य-परिस्थितियों का अनुभव मिल सके।

## व्यावहारिक ज्ञान ही सफलता की कुंजी: शिक्षाविद् और मीडिया विशेषज्ञ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के महासचिव सी.ए. (डॉ.) राकेश छारिया ने कहा, आज का मीडिया उद्योग तेजी से तकनीकी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि अत्याधुनिक तकनीकों पर व्यावहारिक दक्षता भी आवश्यक है। यह स्टूडियो विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देगा। संस्थान की निदेशिका प्रोफेसर (डॉ.) जसकीरन कौर ने शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना है। यह स्टूडियो उन्हें रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता और पेशेवर उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। मुख्य अतिथि और देश के जाने-माने एंकर सईद अंसारी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, मीडिया में सफलता का आधार निरंतर सीखना, जिज्ञासा और ईमानदारी है। जिन विद्यार्थियों को इस स्तर की आधुनिक सुविधाएँ कॉलेज स्तर पर ही मिल रही हैं, उनके पास खुद को साबित करने का सुनहरा अवसर है।

## कौशल विकास और रोजगार पर विशेष जोर

उद्घाटन के बाद सभी अतिथियों ने स्टूडियो की विभिन्न इकाइयों का बारीकी से अवलोकन किया और संस्थान के इस प्रयास की सराहना की। अतिथियों ने छात्रों के साथ सीधा संवाद कर मीडिया जगत के अपने जमीनी अनुभव साझा किए और उन्हें अपने स्किल डेवलपमेंट पर लगातार काम करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान का दृढ़ विश्वास है कि यह पहल छात्रों को रिपोर्टिंग, एंकरिंग, रेडियो प्रोडक्शन, पॉडकास्टिंग, वीडियो निर्माण, कंटेंट क्रिएशन और प्रिंट मीडिया जैसे क्षेत्रों में पूरी तरह से पेशेवर और आत्मनिर्भर बनाएगी। इस गरिमामयी समारोह में संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी, शिक्षकगण, मीडिया विशेषज्ञ, पूर्व छात्र और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## किसको मिलेगा कमिश्नरेट में मौका हो गए इंटरव्यू

पुलिस महकमे में जैसे ही किसी इंटरव्यू का नाम आता है, तो सब चौकन्ने हो जाते हैं और मामला बेहद अलर्ट हो जाता है। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों नंबर दो की पोजीशन वाले एक साहब के कार्यालय में इंटरव्यू वाला सिस्टम चला है। बताया जा रहा है कि साहब अब अपनी खबरों की रीच बढ़ाने और उसको मीडिया में आगे बढ़ाने के लिए अपनी सेल चलाएंगे। पहले व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर इसकी शुरूआत हो गई है। तो अब जानकारी मिली है कि जल्द ही यहां पर एक थ्री-स्टार, कई टू-स्टार और कई अन्य पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। बताया




जा रहा है कि इस खोज को पूरा करने के लिए इंटरव्यू वाला सिस्टम बनाया गया था। सुनने में आया है कि कई थानों के प्रभारी को 23 बैच वालों से लेकर उनके निचले कर्मचारियों और कई थानों में थ्री-स्टार को फोन कर करके बेहतर फेस भेजने के लिए रेस वाला माहौल बनाया गया। अब बताया जा रहा है कि साहब के जिम्मे वैसे भी एक बड़ी यात्रा रहने वाली है। तो कई अति संवेदनशील त्यौहार आने को हैं, ऐसे में साहब अपनी रीच बढ़ाने के लिए पुलिस वाली फीड का इस्तेमाल करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है की बाकायदा सोशल मीडिया सेल में आने वाले पुलिसकर्मियों को इंटरव्यू देकर आगे रखा जाएगा। इन सबके बीच कहा यह जा रहा है कि पहले से ही साहब की इतनी बड़ी सोशल मीडिया टीम है। एसीपी स्तर के अधिकारी उसके प्रभारी हैं। तो कई सर्किल वाले साहब और एक थ्री-स्टार अपनी अलग मीडिया सेल चला रहे हैं। ऐसे में अलग से चलने की क्या आवश्यकता है। खैर यह तो ठीक है लेकिन जिस तरीके से ट्रैफिक वाले बेहद होल्ड और मौन वाले स्टेटस पर चल रहे हैं, अगर ऐसा ही मामला रहा तो आने वाली बड़ी यात्रा के दौरान बड़े हंगामे, बड़े मामले और फसाने देखने को मिल सकते हैं, क्योंकि उनकी मीडिया सेल इतनी फास्ट है कि 12 से 18 घंटे बाद ही प्रेसरिलीज और फोटो रिलीज किए जाते हैं। कुल मिलाकर जिस तरीके से बीते दिनों इंटरव्यू वाला सिलसिला हुआ है, उसकी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई सर्किलों और कार्यालयों में जमकर चर्चा हो रही है। अब देखना होगा कि यह प्रक्रिया कब शुरू होती है, तो कितनी असरदार साबित होगी।

## जेवर ब्लॉक में कोल्ड वार्ड रहे खाली, भर्ती नहीं हुआ एक भी मरीज

**नोएडा।** भीषण गर्मी और लगातार बदलते मौसम के बीच जहां लोगों को लू और गर्मी जनित बीमारियों का डर बना रहा, वहीं इस बार स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों ने राहत देने वाली तस्वीर पेश की है। जेवर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लू का एक भी मरीज भर्ती नहीं हुआ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्मी से निपटने के लिए बनाए गए कोल्ड वार्ड भी पूरे समय लगभग खाली रहे।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस वर्ष मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला। तेज धूप और गर्मी के बीच कई बार हवा और मौसम में बदलाव होने से तापमान लंबे समय तक एक जैसी स्थिति में नहीं रहा। इसी कारण लोगों को गर्मी से परेशानी तो हुई, लेकिन लू के गंभीर मामलों में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं देखी गई। अस्पतालों में गर्मी से संबंधित शिकायतों के साथ मरीज जरूर पहुंचे। इनमें पेट दर्द, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, डिहाइड्रेशन और लूज मोशन जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। हालांकि अधिकांश मामलों में मरीजों की स्थिति सामान्य रही और इलाज के बाद उन्हें भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। गर्मी को देखते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पहले से तैयारी कर ली गई थी। मरीजों के लिए कोल्ड वार्ड, पर्याप्त पेयजल, ओआरएस, आवश्यक दवाइयां और चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध रखी गई थीं।

## जेएमएसआईटी कॉलेज में 'फेयरवेल-2026' की धूम

### वंश बने मिस्टर और कशिश चुनी गईं मिस फेयरवेल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** स्थानीय जेएमएसआईटी कॉलेज, गाजियाबाद के ऑडिटोरियम में शनिवार को वर्ष 2026 बैच के पास-आउट होने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह (फेयरवेल पार्टी) का आयोजन किया गया। इस दौरान जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स को भावभीनी विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और संस्थान के चेयरमैन राकेश सिंघल ने दीप प्रज्वलन और बच्चों को संबोधित करते हुए की। वहीं जनरल सेक्रेटरी डॉ. हिमांशु सिंहल ने छात्रों के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए अधिशासी निदेशक डॉ. ए. के. चौहान, एडमिशन डायरेक्टर डॉ. विनोद शर्मा, एडमिशन हेड अंकित चौधरी, शिव शंकर पचौरी, कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा और डीन स्टूडेंट वेलफेयर हिमांशु




कुमार ने विदाई ले रहे छात्रों के योगदान की सराहना की। संस्थान के विकास में बेहतरीन कार्य करने वाले होनहारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। फेयरवेल के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग और इमोशनल स्पीच के जरिए छात्रों ने कॉलेज के दिनों की पुरानी यादों को ताजा किया। सीनियर्स ने भी मंच से अपने खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा करते हुए गुरुओं का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण 'टैलेंट हंट और रैंप वॉक' के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई, जिसमें कशिश और वंश ने बाजी मारी: मिस फेयरवेल 2026: कशिश (एमबीए), वंश कौशिक (बीबीए तृतीय वर्ष)। सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व : मुस्कान (एमबीए तृतीय वर्ष) एवं सूर्य प्रताप सिंह (बीबीए तृतीय वर्ष) सर्वश्रेष्ठ पोशाक : रिद्धि ठाकुर (बी.टेक चतुर्थ वर्ष) एवं प्रखर भारद्वाज (बीसीए तृतीय वर्ष) समारोह के समापन पर सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कॉलेज प्रशासन व शिक्षकों ने विदाई लेने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके आगामी करियर और जीवन में बड़ी सफलता हासिल करने का आशीर्वाद दिया।

## जीएसटीऑफिस में डिप्टी कमिश्नर को आया अचानक हार्ट अटैक

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-148 स्थित जीएसटी कार्यालय में शुक्रवार को एक बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर वेद प्रकाश सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें दिल का दौरा पड़ने के बाद तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

इस घटना के बाद जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने अपर आयुक्त पर बैठक के दौरान अभद्र व्यवहार करने और मानसिक दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। बैठक के दौरान बिगड़ी तबीयत अधिकारियों के अनुसार, समीक्षा बैठक के दौरान अपर आयुक्त और डिप्टी कमिश्नर वेद प्रकाश सिंह के बीच कार्यों को लेकर चर्चा हो रही थी। आरोप है कि इस दौरान अपर आयुक्त ने उनसे गलत लहजे में बात की। बताया गया कि वेद प्रकाश सिंह ने कहा था कि वह पिछले पांच दिनों से पुलिस भर्ती ड्यूटी में लगे हुए थे।

## नियमितीकरण की मांग को लेकर कल प्रदर्शन करेंगे जिम्स के आउटसोर्स कर्मचारी

**नोएडा।** कासना स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी सोमवार को नियमितीकरण और रोजगार सुरक्षा की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया है। कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से संस्थान में सेवाएं दे रहे हैं और कोविड-19 महामारी के दौरान भी जोखिम उठाकर मरीजों की सेवा की थी, लेकिन अब तक उनके भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं बनाई गई है। उनका आरोप है कि हाल ही में शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया के कारण कार्यरत कर्मचारियों में असुरक्षा का माहौल बन गया है।




कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में उनके हितों की रक्षा का आश्वासन दिया गया था, लेकिन नई भर्तियों से रोजगार पर संकट की आशंका बढ़ गई है। इसी मुद्दे को लेकर कर्मचारी सोमवार को प्रदर्शन कर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करेंगे। उनका कहना है कि यदि नियमितीकरण और नौकरी की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं, जिम्स प्रबंधन ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया है कि किसी की नौकरी पर कोई खतरा नहीं है। प्रबंधन के अनुसार शासन से विभिन्न श्रेणियों में 1143 पद स्वीकृत हुए हैं, जिनके आधार पर भर्ती प्रक्रिया संचालित की जा रही है। साथ ही संस्थान ने कहा है कि वर्तमान कर्मचारियों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## बिजली कटौती से परेशान महिलाओं का विक्रम एनक्लेव बिजली घर पर हंगामा, जेई-एसडीओ के खिलाफ नारेबाजी

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद क्षेत्र के विक्रम एनक्लेव व शालीमार गार्डन में लगातार तीन दिन से बिजली संकट गहराने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। महिलाओं ने विक्रम एनक्लेव स्थित बिजली घर का घेराव कर जमकर हंगामा किया। आक्रोशित महिलाओं ने जेई और एसडीओ के खिलाफ नारेबाजी कर विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले तीन दिन से क्षेत्र में बार-बार बिजली कट रही है। दिन-रात में 10-15 बार ट्रिपिंग हो रही है और वोल्टेज फ्लक्चुएशन से घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं। भीषण गर्मी में बच्चों, बुजुर्गों व बीमार लोगों को भारी



परेशानी झेलनी पड़ रही है। पानी की मोटर न चलने से जलापूर्ति भी प्रभावित है। प्रदर्शनकारी महिला सुमन देवी ने बताया कि शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। फोन करने पर जेई व एसडीओ फोन नहीं उठाते। मजबूर होकर सड़क पर उतरना पड़ा। सूचना पर पहुंचे विभाग के अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया और जल्द



फॉल्ट ठीक कर निर्बाध आपूर्ति का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोड व लोकल फॉल्ट के कारण समस्या आ रही है, टीम काम कर रही है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे में बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## बिना सीमेंट बना दिया पार्क में पाथवे, भड़कीं एसीईओ

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-3 स्थित पार्क में लोगों के घूमने के लिए बनाया गया पाथवे खराब गुणवत्ता का पाया गया। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस के निरीक्षण में जब हकीकत सामने आई तो इसे उखाड़ दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि पाथवे निर्माण में सीमेंट का उपयोग ही नहीं किया। अब एजेंसी मैसर्स अतर सिंह को ब्लैकलिस्ट कर ईएमडी जब्त की जाएगी। वहीं उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राम कुमार को चार्ज हटा दिया गया है। 10 दिन पहले ही बने पाथवे और अन्य कामों को देखने के लिए एसीईओ और डीजीएम पहुंचे थे। निर्माण में लापरवाही के अलावा पार्क में आंधी से टूट पेड़ों की टहनियां नहीं हटवाने पर एसीईओ ने नाराजगी जताई।

## हापुड़ में पुलिस पर हमला: शराब ले जा रहे युवक सवाल-जवाब करने पर भड़के

### साथियों को बुलाकर सिपाहियों की पिटाई की

**हापुड़।** शुक्रवार रात असरा मुरादपुर में शराब ले जा रहे युवकों ने रोकने पर दो पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। एक सिपाही गंभीर घायल हुआ। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं।

यूपी के हापुड़ जिले के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव असरा मुरादपुर के पास शुक्रवार रात गश्त कर रहे दो पुलिसकर्मियों पर शराब की बोतलें लेकर जा रहे युवकों ने रोकने पर हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने अपने साथियों को बुलाकर दोनों को बुरी तरह पीटा। हमले में एक सिपाही के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे वह लहूलुहान हो गया। दोनों घायल सिपाहियों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।



घटना की जानकारी के अनुसार, थाना हापुड़ देहात में तैनात सिपाही दौलत राम और अभिषेक त्यागी शुक्रवार रात करीब एक बजे गश्त पर निकले थे। इसी दौरान उन्हें दो युवक बाइक पर शराब की बोतलें लेकर जाते दिखे। सिपाहियों ने उन्हें रोका और पूछताछ की। युवकों ने बताया कि वे शराब खरीदकर ला रहे हैं। देर रात शराब ले जाने पर सिपाहियों के सवाल किए जाने पर दोनों युवक भड़क गए। उन्होंने मौके पर अपने अन्य साथियों को फोन कर बुला लिया और पुलिसवालों पर हमला कर दिया। हमले में सिपाही दौलत राम के सिर पर गहरी चोट आई, जबकि अभिषेक त्यागी भी बुरी तरह घायल हो गए। हमलावर युवक मारपीट के बाद फरार हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पारस मलिक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने दोनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सीओ वरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों की पहचान कराई जा रही है।

## धौलाना की केमिकल फैक्टरी में लगी आग, बुझाने की कोशिशें जारी



**हापुड़।** हापुड़ के UPSIDC धौलाना इलाके में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ADM संदीप सिंह ने बताया कि हमें पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि डेहरा गांव में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए SDM, CEO, तहसीलदार और उरड अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिशें शुरू कीं। फायर ब्रिगेड की आठ टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का काम चल रहा है। शुरूआती तौर पर यह शॉर्ट सर्किट का मामला लग रहा है, लेकिन इसकी विस्तृत जांच की जाएगी।

## मेरा नोएडा, मेरी जिम्मेदारी संग स्वच्छता अभियान

**नोएडा।** सेक्टर-100 स्थित सेंचुरी अपार्टमेंट में शनिवार को मेरा नोएडा, मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। योगगुरु दिलीप मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान मंदिर परिसर, पार्कों, पैदल पथों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। प्रतिभागियों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए संदेश दिया कि न स्वयं गंदगी करेंगे और न किसी को करने देंगे। अभियान के संयोजक पवन यादव ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन और बेहतर समाज की आधारशिला है। वहीं करमजीत सिंह धींगरा ने कहा कि स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सोसाइटी के निवासी शामिल रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम


Dharam Pal Singh · Follow
3h

आज गाजियाबाद में पूर्व सांसद आदरणीय डॉ. रमेश तोमर जी के आवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य का कुशल क्षेम जाना। इस अवसर पर उनके साथ बिताए गए अनेक स्मरणीय पलों को याद करते हुए आत्मीय संवाद हुआ।

डॉ. तोमर जी के दीर्घ राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण एवं जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणादायी रही है। उनसे समसामयिक विषयों, प्रदेश एवं देश की राजनीतिक परिस्थितियों तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।

वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन हम सभी के लिए अमूल्य धरोहर है। उनके अनुभव और विचार राष्ट्रहित, संगठन सुदृढ़ीकरण तथा जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करते हैं।

#DrRameshTomar #Ghaziabad #BJP #Sangathan #JanSeva #RashtraNirman #ViksitBharat #UttarPradesh



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये भाजपा के गुरुजी यानी पूर्व सांसद डा. रमेश चंद तोमर का जलवा है। गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह जब शनिवार को गाजियाबाद आये तो विशेष रूप से पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के घर गये। सबसे खास बात ये रही कि जिले के प्रभारी मंत्री ने पूर्व सांसद से उनके घर पर हुई मुलाकात में सार्थक चर्चा आत्मीय संवाद का जिक्र करते हुए लिखा कि एक ऐसे वरिष्ठ नेता का मार्गदर्शन हुआ जो हमारे लिए अमूल्य धरोहर है। जिले के प्रभारी मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री धर्मपाल सिंह ने इन पलों को अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पल प्रभारी मंत्री के शब्द और अपने आप में एक संवाद समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अमेरिका अधिकारी का बड़ा दावा, कहा- ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, समझौते की उम्मीद बढ़ी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने दावा किया है कि प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने अनिश्चितकाल तक परमाणु हथियार न बनाने और न खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि प्रतिबंधों में राहत केवल सख्त निरीक्षण और सत्यापन के बाद ही मिलेगी। अमेरिका के अनुसार ईरान परमाणु सामग्री और संबंधित ढांचे को समाप्त करने पर भी सहमत हुआ है।





पश्चिम एशिया की राजनीति में एक बार फिर बड़ा मोड़ आता दिखाई दे रहा है। अमेरिका ने दावा किया है कि प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने अनिश्चितकाल तक परमाणु हथियार विकसित न करने और न ही उन्हें हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई है। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के इस बयान ने ऐसे समय में नई चर्चा छेड़ दी है, जब लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक स्तर पर तनाव बना हुआ है। यदि यह समझौता अंतिम रूप लेता है, तो यह न केवल अमेरिका-ईरान संबंधों में बल्कि पूरे पश्चिम एशिया के सामरिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

पश्चिम एशिया की राजनीति में एक बार फिर बड़ा मोड़ आता दिखाई दे रहा है। अमेरिका ने दावा किया है कि प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने अनिश्चितकाल तक परमाणु हथियार विकसित न करने और न ही उन्हें हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई है। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के इस बयान ने ऐसे समय में नई चर्चा छेड़ दी है, जब लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक स्तर पर तनाव बना हुआ है। यदि यह समझौता अंतिम रूप लेता है, तो यह न केवल अमेरिका-ईरान संबंधों में बल्कि पूरे पश्चिम एशिया के सामरिक समीकरणों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

अमेरिकी अधिकारी के अनुसार प्रतिबंधों में ढील सीधे तौर पर ईरान की कार्रवाई से जुड़ी होगी। यदि ईरान परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अपने वादों को पूरा करता है और निरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग करता है, तभी उसे आर्थिक लाभ मिलेंगे। अमेरिका का कहना है कि समझौते को इस तरह तैयार किया गया है कि दोनों पक्षों को एक साथ लाभ मिले। यानी पहले सत्यापन होगा और उसके बाद ही प्रतिबंधों में राहत दी जाएगी।

**क्या परमाणु ढांचे को खत्म करने पर सहमति बनी है?**

अमेरिका का दावा है कि ईरान ने संवर्धित परमाणु सामग्री को समाप्त करने और परमाणु स्थलों को निष्क्रिय करने की दिशा में सहमति जताई है। हालांकि तकनीकी विवरणों पर अभी बातचीत जारी है। अधिकारी ने कहा कि मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान के पास ऐसा कोई ढांचा न बचे, जिसका इस्तेमाल भविष्य में परमाणु हथियार विकसित करने के लिए किया जा सके। अमेरिका का मानना है कि यह कदम वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।

**क्या इस समझौते को क्षेत्रीय समर्थन मिल रहा है?**

अमेरिकी अधिकारी ने दावा किया कि इस समझौते को इस्राइल और खाड़ी देशों सहित अमेरिका के प्रमुख सहयोगियों का समर्थन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय देशों की सबसे बड़ी चिंता ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर रही है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी देश का आत्मरक्षा का अधिकार बना रहेगा।

# ईरानी तेल ले जा रहा था टैंकर: अटलांटिक में अमेरिका ने सात हफ्ते तक किया पीछा, अब जहाज के कप्तान ने कबूला जुर्म



**वॉशिंगटन।** प्रतिबंधित ईरानी तेल ले जाने के आरोप में बेला-1 टैंकर के पूर्व कप्तान अवतांदिल कालांदाद्जे ने अमेरिकी अदालत में जुर्म कबूल कर लिया है। अमेरिका का आरोप है कि जहाज ने तटरक्षक बल के आदेशों की अवहेलना की और कई सप्ताह तक अटलांटिक महासागर में पीछा चलता रहा। मामला ईरानी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों और तथाकथित शैडो फ्लीट के खिलाफ चल रही कार्रवाई से जुड़ा है।

अमेरिका द्वारा ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। अटलांटिक महासागर में कई सप्ताह तक चले पीछा और समुद्री कार्रवाई के बाद एक तेल टैंकर के कप्तान ने अमेरिकी अदालत में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अमेरिका का आरोप है कि जहाज प्रतिबंधित ईरानी तेल लेकर जा रहा था और उसे रोकने के आदेश का पालन नहीं किया गया। इस मामले को अमेरिका की उस व्यापक रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है, जिसके तहत वह प्रतिबंधित ईरानी तेल के वैश्विक व्यापार पर शिकंजा कस रहा है।

अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार जॉर्जिया के नागरिक और तेल टैंकर बेला-1 के पूर्व कप्तान अवतांदिल कालांदाद्जे ने संघीय अदालत में दोष स्वीकार कर लिया है। उन पर अमेरिकी तटरक्षक बल के जहाज को रोकने के आदेश की अवहेलना करने का आरोप था। अभियोजन पक्ष का कहना है कि दिसंबर 2025 में जब अमेरिकी तटरक्षक बल ने टैंकर को रोकने की कोशिश की, तब जहाज ने आदेश मानने के बजाय भागने की कोशिश की और अटलांटिक महासागर में कई सप्ताह तक पीछा चलता रहा। अंततः सात जनवरी को जहाज को जब्त कर लिया गया।

### अटलांटिक महासागर में पीछा क्यों चला?

अमेरिकी तटरक्षक बल के अनुसार दिसंबर 2025 में बेला-1 वेनेजुएला की ओर बढ़ रहा था। इसी दौरान उसे रोकने का आदेश दिया गया, लेकिन जहाज ने आदेश नहीं माना। इसके बाद अमेरिकी तटरक्षक बल के पोत मुनरो ने उसका पीछा शुरू किया। अधिकारियों का कहना है कि कप्तान ने कई बार चेतावनी मिलने के बावजूद जहाज नहीं रोका। इससे समुद्र में जोखिमपूर्ण स्थिति पैदा हुई और अमेरिकी बलों को कठिन परिस्थितियों में कार्रवाई करनी पड़ी।

# ट्रंप का दावा: अमेरिकी हमले में ट्रेन डी अरागुआ गैंग का सरगना ढेर

## यूएस में हिंसा और नशे के लिए जिम्मेदार था

**वॉशिंगटन।** नशे के कारोबार के खिलाफ अमेरिका ने बड़ी सफलता हासिल की है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया है कि अमेरिका में बड़े पैमाने पर नशा भेजने वाले गैंग ट्रेन डी अरागुआ के सरगना को ढेर कर दिया गया है। इस गैंग द्वारा बड़े पैमाने पर अमेरिकी शहरों में नशा भेजा जाता था।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका ने एक सैन्य अभियान में कुख्यात आपराधिक संगठन ट्रेन डी आरगुआ के सरगना हेक्टर रश्टेनफोर्ड गुएरो फ्लोरेस को ढेर कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि यह कार्रवाई वेनेजुएला के सहयोग से की गई। अमेरिका पहले ही ट्रेन डी अरागुआ को आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है।

**50 लाख डॉलर का था इनाम:** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि सप्ताह की शुरूआत में वेनेजुएला में गैंग के एक ठिकाने पर यह सैन्य कार्रवाई की गई थी। गुरेरो फ्लोरेस पर न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत में आपराधिक साजिश रचने, आतंकवादियों को समर्थन देने और अन्य गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए थे। अमेरिकी विदेश विभाग ने उसकी गिरफ्तारी से जुड़ी जानकारी देने वालों के लिए 50 लाख डॉलर तक के इनाम की घोषणा की थी। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कहा, 'ट्रेन डी अरागुआ के आतंकवादियों के लिए अब वेनेजुएला या दुनिया के किसी भी हिस्से में सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। मेरे नेतृत्व में हम इन खूंखार हत्यारों और ड्रग माफियाओं को कहीं भी खोज निकालेंगे और उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाएंगे।' हालांकि, इस अभियान को लेकर वेनेजुएला की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

## उत्तर कोरिया पर अमेरिका की सख्ती बढ़ी

# इन उपकरणों के निर्यात के लिए लेनी होगी खास अनुमति

**वॉशिंगटन।** उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु कार्यक्रम को बढ़ा रहा है। ऐसे में अमेरिका ने कई चिकित्सीय उपकरणों के उत्तर कोरिया निर्यात पर रोक लगा दी है और निर्यात के लिए विशेष अनुमति की जरूरत होगी। आइए जानते हैं कि अमेरिका ने ये कदम क्यों उठाया।



अमेरिका ने उत्तर कोरिया को निर्यात किए जाने वाले कुछ चिकित्सा उपकरणों पर नियंत्रण और कड़ा कर दिया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने ऐसे मेडिकल उपकरणों की सूची जारी की है, जिनके उत्तर कोरिया निर्यात के लिए अब विशेष सरकारी अनुमति लेना जरूरी होगा। इसके तहत अब कुछ चिकित्सा उपकरण सामान्य लाइसेंस के दायरे से बाहर कर दिए गए हैं। पहले सामान्य लाइसेंस के तहत कुछ कृषि उत्पादों, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के निर्यात की अनुमति थी।

ओएफएसी के अनुसार, सूची में शामिल उपकरणों को उत्तर कोरिया भेजने से पहले विशेष स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। यह नियम गुरुवार से प्रभावी हो गया है।

**दोहरे उपयोग वाले उपकरणों के निर्यात पर बैन:** विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका का यह कदम उन उपकरणों के निर्यात को सीमित करने के लिए उठाया गया है, जिनका उपयोग नागरिक और सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब उत्तर कोरिया अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ा रहा है। वॉशिंगटन और सियोल के साथ परमाणु मुद्दे पर बातचीत लंबे समय से ठप पड़ी हुई है।

**जी-7 सम्मेलन में ट्रंप-ली मुलाकात पर संशय:** इस बीच, दक्षिण कोरिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय वार्ता करेंगे या नहीं।

### किन उपकरणों पर लगेगा प्रतिबंध?

- ऑक्सीजन जनरेटर
- एक लीटर प्रति मिनट से अधिक प्रवाह क्षमता वाले पंप
- गामा इमेजिंग उपकरण
- टैक्टाइल इमेजिंग उपकरण
- थर्मोग्राफी मशीनें
- फ्रीज-ड्राइंग और स्प्रे-ड्राइंग उपकरण
- डीकंटैमिनेशन शॉवर
- प्रयोगशाला शेकर्स और इन्क्यूबेटर शेकर्स
- कार्बन डाइऑक्साइड इन्क्यूबेटर

# 'रूबियो और जयशंकर के बीच कल होर्मुज पर हुई बातचीत', अमेरिकी विदेश मंत्रालय का बयान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कल भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य में हाल की घटनाओं पर चर्चा की।

मार्को रुबियो ने इस दौरान वाणिज्यिक जहाजों को अमेरिकी बलों के आदेशों का तुरंत पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह जलडमरूमध्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक है। रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ईरानी तेल के अवैध परिवहन को भी अस्वीकार्य बताया।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इन मुद्दों पर अपनी कड़ी स्थिति दोहराई। यह बातचीत अहम मानी जा रही है। इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था, आज शाम अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात हुई। मैंने खाड़ी में अमेरिकी नौसेना की कार्रवाई पर भारत का कड़ा विरोध दोहराया, जिसमें तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई। वाणिज्यिक शिपिंग पर इस तरह की घातक कार्रवाई को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

# 'आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं'

# पीएम मोदी के दौरे से पहले स्लोवाकिया के राष्ट्रपति का बयान

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रेनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक यात्रा से दोनों देशों के बीच सहयोग और संबंधों को नई दिशा और नए अवसर मिलेंगे। यह यात्रा भारत-स्लोवाकिया के बढ़ते संबंधों को मजबूत करेगी और व्यापार, निवेश तथा रणनीतिक सहयोग के नए रास्ते खोलेगी।



स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'ऐतिहासिक' यात्रा से भारत और स्लोवाकिया के बीच सहयोग के नए अवसर खुलेंगे।

राष्ट्रपति पेलेग्रिनी ने एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट साझा करते हुए लिखा, प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मैं सोमवार को ब्रातिस्लावा में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। आपकी यह ऐतिहासिक यात्रा नई दिल्ली में हुई हमारी सकारात्मक बातचीत को आगे बढ़ाएगी। स्लोवाकिया-भारत सहयोग के नए अवसर खोलेगी।

इससे पहले शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 14 और 15 जून को मैं स्लोवाकिया की यात्रा पर रहूंगा। स्लोवाकिया की स्वतंत्रता के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी। मैं ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री फिको के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। शीर्ष उद्योगपतियों के साथ भी बैठकें होंगी। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता मजबूत व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों के लिए अनेक अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर रवाना हुए। उनकी इस यात्रा में द्विपक्षीय वार्ता, बहुपक्षीय कार्यक्रमों में भागीदारी और आर्थिक व सांस्कृतिक सहयोग पर खास फोकस रहेगा।

**विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?**

भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि यह यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में स्लोवाकिया के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराएगी। पिछले एक वर्ष में भारत और स्लोवाकिया के संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की यात्राओं ने इस दिशा में अहम भूमिका निभाई है। इसी वजह से अब पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री स्लोवाकिया की यात्रा करने जा रहा है।

### फ्रांस के बाद स्लोवाकिया पहुंचेंगे पीएम

फ्रांस में कार्यक्रमों के बाद प्रधानमंत्री मोदी 14 से 16 जून तक स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा करेंगे। यह यात्रा स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर हो रही है। स्लोवाकिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, प्रधानमंत्री फिको के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे और राष्ट्रपति पेलेग्रिनी से भी मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, ऑटोमोबाइल विनिर्माण और रेलवे बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### ऑपरेशन गंगा के दौरान की भारत की मदद

साल 2022 में ऑपरेशन गंगा के दौरान स्लोवाकिया ने यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकालने में भारत की मदद की थी। इस अभियान के तहत स्लोवाकिया के रास्ते 1,113 भारतीय और दो विदेशी नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया था।

# क्या जबरन गायब किए जा रहे बलूच लोग? अब दो छात्रों के लापता होने पर सवालों में पाकिस्तानी सेना

**क्वेटा।** बलूचिस्तान में मानवाधिकार संगठनों ने पाकिस्तान सुरक्षा बलों पर वहां के नागरिकों की हत्या और अगवा करने का आरोप लगाया है। संगठन ने इस मामले में अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से संज्ञान लेने की अपील की है।



बलूचिस्तान में आम नागरिकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। बलूच मानवाधिरकार संगठनों ने पाकिस्तान सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने एक व्यक्ति की हत्या और छात्रों को जबरन गायब करने का आरोप लगाया है। बलूचिस्तान के मानवाधिकार संगठन 'बलूच यकजेहती समिति' के अनुसार, केच जिले के तुर्बात क्षेत्र में 28 वर्षीय सद्दाम का शव शुक्रवार को डी-बलूच इलाके में फेंका हुआ पाया गया। संगठन ने इस घटना को बलूचिस्तान में जारी हिंसा और मानवाधिकारों के हनन के एक निरंतर पैटर्न का हिस्सा बताया है।

**रहस्यमयी तरीके के गायब हुए दो छात्र:** एक अन्य मानवाधिकार निकाय 'बलूच वॉयस फॉर जस्टिस' ने दो छात्रों की जबरन गुमशुदगी का मामला उठाया है। आरोप है कि 19 वर्षीय शुक्रुल्लाह और 20 वर्षीय जुबैर बलूच को 4 जून को प्रांत के दलबंदिन इलाके से पाकिस्तानी बलों द्वारा कथित तौर पर गायब कर दिया गया। इन छात्रों के परिवारों को उनके बारे में कोई जानकारी भी नहीं दी गई।

**बीवीजे ने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से की अपील:** संगठन ने आगे कहा, ह्यसद्दाम की हत्या बलूचिस्तान में जारी हिंसा और मानवाधिकारों के उल्लंघन के सिलसिले में एक और दुखद घटना है। पूरे क्षेत्र में परिवार अपनों को खोने का दर्द झेल रहे हैं और उन्हें न्याय भी नहीं मिल रहा है। मानवाधिकार निकायों ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से अपील की है कि वे बलूचिस्तान में हो रहे इन अत्याचारों का संज्ञान लें।

बीवीजे ने दावा किया कि बलूचिस्तान में नागरिकों के निरंतर लापता होने और संदिग्ध मौतों ने क्षेत्र में असुरक्षा की भावना को और गहरा कर दिया है। मानवाधिकार संगठनों का तर्क है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता, उचित कानूनी प्रक्रिया और मनमानी हिरासत से सुरक्षा का अधिकार है। जब तक उन परिवारों की आवाज नहीं सुनी जाएगी, तब तक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की बहाली संभव नहीं है।

# पाकिस्तानी पीएम शरीफ का दावा- 24 घंटे में यूएस-ईरान शांति समझौता संभव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता अगले 24 घंटे में अंतिम रूप ले सकता है। उन्होंने इसे महीनों से जारी बातचीत के बाद एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी की उम्मीद बताया।



शरीफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम पहले कभी शांति समझौते के इतने करीब नहीं थे। अगले 24 घंटे में इसके अंतिम होने की संभावना है। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर की तैयारी कर रहा है और अगले हफ्ते तकनीकी स्तर की बातचीत होगी। शरीफ ने अमेरिका और ईरान के बातचीत के दौरान सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और क्षेत्र के देशों के समर्थन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता स्थायी शांति की मजबूत नींव रखेगा।

इस पोस्ट में उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और विदेश मंत्री अब्बास अराघची को टैग किया।

हालांकि, व्हाइट हाउस और ईरान की ओर से इस समय-सीमा को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। एक दिन पहले शरीफ ने कहा था कि अमेरिका और ईरान शांति समझौते के मसौदे पर सहमत हो चुके हैं और पाकिस्तान आगे की प्रक्रिया में दोनों पक्षों के साथ मिलकर काम कर रहा है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने भी संकेत दिया था कि बातचीत में प्रगति हुई है। लेकिन मसौदा की अभी समीक्षा की जा रही है और अंतिम निर्णय बाकी है। वहीं, अमेरिका की ओर से कहा गया कि समझौता जल्द हो सकता है। लेकिन कुछ रिपोर्ट्स को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है।

# खैबर पख्तूनख्वा में बड़ी सैन्य कार्रवाई: TTP के चार टॉप कमांडर समेत 21 आतंकी ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सेना ने खुफिया इनपुट पर कार्रवाई करते हुए तीन दिनों में 21 आतंकवादियों को मार गिराया है। इसमें टीटीपी के चार मुख्य कमांडर भी शामिल हैं, जबकि एक हफ्ते में कुल 48 आतंकी ढेर हुए हैं। मई 2026 में इलाके में अचानक बढ़ी हिंसा और मीरान शाह में नाकाम हुए सुसाइड अटैक के बाद सेना ने यह बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया है।



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से बड़ी खबर सामने आ रही है। सुरक्षा बलों ने पिछले तीन दिनों में 21 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह पूरी कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई है। सेना की मीडिया विंग ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी है।

यह मुठभेड़ उत्तरी वजीरिस्तान जिले में पिछले 72 घंटों से चल रही थी। मारे गए आतंकियों में चार बड़े रिंग लीडर यानी कमांडर भी शामिल हैं। ये कमांडर सुरक्षा बलों पर हमले और आम नागरिकों की हत्या के मामलों में वांछित थे। सरकार इन आतंकियों को 'फिटना-अल-ख्वारिज' कहती है। यह असल में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का ही दूसरा नाम है।

**हथियार बरामद और सैन्य अभियान**

सेना के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में कुल 48 आतंकवादी मारे गए हैं। सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। इलाके में छिपे बाकी आतंकियों को ढूंढने के लिए सैनिटाइजेशन ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सेना और सुरक्षा एजेंसियां लगातार खोजी अभियान चला रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि आतंकवाद के खिलाफ यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

### इलाके में तनाव और सुरक्षा रिपोर्ट

इससे पहले मई के आखिरी हफ्ते में भी सेना ने दत्ता खेल इलाके में 11 आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद जून के पहले हफ्ते में मीरानशाह में एक आत्मघाती हमला नाकाम किया गया था। इस घटना के बाद वहां धारा 144 लागू कर दी गई थी। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में सुरक्षा स्थिति बिगड़ी है। मार्च और अप्रैल में हालात थोड़े ठीक थे। लेकिन मई 2026 में खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में अचानक आतंकी हिंसा काफी बढ़ गई। इसी वजह से सुरक्षा बलों ने अब यह आक्रामक कार्रवाई शुरू की है।

## 'अप्रवासी भारतीयों ने अमेरिका को बनाया है'

# टेक्सास में भारत विरोधी बयानबाजी पर भड़के भारतवंशी सांसद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास में भारतीय अमेरिकियों का विरोध हो रहा है। टेक्सास के लोग भारतवंशियों पर टेक्सास पर कब्जा करने का आरोप लगा रहे हैं। इस पर भारतवंशी सांसद श्री थानेदार ने कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि अप्रवासी भारतीयों ने अमेरिका को मजबूत बनाया है।



अमेरिका के मिशिगन से भारतवंशी सांसद श्री थानेदार ने टेक्सास के फ्रिस्को शहर में सामने आई भारत विरोधी बयानबाजी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रवासियों ने अमेरिका को और अधिक मजबूत बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने टेक्सास के फ्रिस्को शहर पर 'भारतीयों के कब्जे' जैसी टिप्पणियां कीं और आव्रजन तथा एच-1बी वीजा से जुड़ी बहस के दौरान भारतीय-अमेरिकी समुदाय को निशाना बनाया। इसे भारतीयों के खिलाफ नफरत भड़काने के तौर पर देखा जा रहा है।

इस कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर भारतीय अमेरिकी सांसद थानेदार ने कहा, 'यह नफरत से भरा बेहद घृणित कृत्य है।

हाल ही में फ्रिस्को में एक व्यक्ति द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था।

**भारतीय अमेरिकी सांसद बोले- प्रवासी अमेरिका की ताकत हैं:** फ्रिस्को और टेक्सास के अन्य हिस्सों में भारत विरोधी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए थानेदार ने कहा, 'मैं अमेरिकी सपने की तलाश में अमेरिका आया था। मुझे यहां शिक्षा पाने, कारोबार खड़ा करने, हजारों लोगों को रोजगार देने और अब कांग्रेस में अपने समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।'

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम | 08 | रविवार • 14 जून -2026






# नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स और नगर निगम के बीच एमओयू, गाजियाबाद बनेगा हीट रेजिलिएंट सिटी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जलवायु परिवर्तन और बढ़ती गर्मी की चुनौतियों से निपटने के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (एनआईयूए) और गाजियाबाद नगर निगम के बीच हीट रेजिलिएंट सिटी परियोजना के तहत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और एनआईयूए की निदेशक ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। नगर आयुक्त ने बताया कि देश के चुनिंदा 12 शहरों में गाजियाबाद का चयन इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए किया गया है। इसके तहत आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नगर निगम को 5 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस धनराशि का उपयोग शहर में बढ़ते तापमान के प्रभाव को कम करने, नागरिकों को गर्मी से राहत देने और जलवायु अनुकूल विकास करने में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नगर निगम एक दीर्घकालिक हीट रेजिलिएंट सिटी फ्रेमवर्क और कार्ययोजना तैयार करेगा, जो भविष्य की विकास योजनाओं, नीतियों और परियोजनाओं में जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों को ध्यान में रखते हुए मार्गदर्शन करेगी। इस परियोजना में सरकारी विभागों, गैर-सरकारी संस्थाओं और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। परियोजना को धरातल पर सफलतापूर्वक लागू करने के लिए 15 माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त ने नगर निगम द्वारा गर्मी से राहत के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी। उन्होंने स्थायी और अस्थायी प्याऊ, कूलिंग रूम तथा अन्य जनहितकारी व्यवस्थाओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# व्यापारी से मारपीट, 21 दिन रहा बेहोश, होश आने पर पत्नी ने तीन आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** कृष्णानगर कॉलोनी में एक व्यापारी को बेरहमी से पीटा गया, जिसके बाद वह 21 दिनों तक बेहोश रहे। होश में आने के बाद, उनकी पत्नी ने शनिवार को कोतवाली में तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से मुजफ्फरनगर निवासी राजेश कुमार अपनी पत्नी रीना के साथ मोदीनगर की कृष्णानगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं और उनकी कॉलोनी में ही एक जनरल स्टोर की दुकान है। पत्नी रीना द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार, यह घटना 25 मई को सुबह लगभग पांच बजे हुई, जब राजेश अपनी दुकान पर जा रहे थे।

रास्ते में तीन युवकों ने उन्हें घेर लिया और ईंट व डंडों से बेरहमी से मारपीट कर बेहोश कर दिया। सूचना मिलने पर राजेश की पत्नी और अन्य लोग मौके पर पहुंचे। उन्हें बेहोशी की हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें मुजफ्फरनगर के एक अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**तीन युवकों पर मारपीट का आरोप :** राजेश का वहीं इलाज चल रहा था और वह 21 दिनों तक बेहोश रहे। दो दिन पहले होश में आने पर राजेश ने अपनी पत्नी को पूरी आपबीती बताई। शनिवार को राजेश और उनकी पत्नी मोदीनगर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने फकराना बस्ती निवासी तीन युवकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# मोहर्रम को लेकर एसीपी वेव सिटी ने संभाली कमान, शांति समिति की बैठक आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को थाना वेव सिटी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने की। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, ताजियादारों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसीपी प्रियाश्री पाल ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखते हुए मोहर्रम मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या विवादित गतिविधि से दूर रहें तथा किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। एसीपी ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जुलूसों एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को लेकर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं की जाएंगी और नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। पुलिस अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं और सुझाव भी सुने तथा आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# कोतवाली नगर पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार पीड़ित के 99 हजार रुपये वापस कराए




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना कोतवाली नगर पुलिस की साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी के शिकार एक व्यक्ति के 99,999 रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दिलाई है। कोटगांव निवासी रवि कुमार ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। शिकायत प्राप्त होने के बाद साइबर सेल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित किया और धनराशि को ट्रेस करने के प्रयास शुरू किए।

लगातार पत्राचार और तकनीकी जांच के बाद साइबर सेल टीम ठगी गई रकम को वापस कराने में सफल रही। शुक्रवार को पीड़ित के खाते में 99,999 रुपये वापस करा दिए गए। अपनी रकम वापस मिलने पर रवि कुमार ने थाना कोतवाली नगर पहुंचकर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों से साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि सुरक्षित कराई जा सके।

# वार्ड 36 प्रहलाद गढ़ी में चला वृहद सफाई अभियान मशीनों से हुई नाली-सड़कों की सफाई

## पार्षद प्रतिमा शर्मा के नेतृत्व में सफाई इस्पेक्टर अशोक पाल ने कराया कार्य

## पार्कों व हरियाली पर विशेष ध्यान, अधूरे विकास कार्य जल्द होंगे पूरे






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के वार्ड 36 प्रहलाद गढ़ी में पार्षद प्रतिमा शर्मा, पवन शर्मा और सफाई इस्पेक्टर अशोक पाल के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में वार्ड के सभी सफाई कर्मचारियों के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा नालियों व मुख्य सड़कों की गहन सफाई करवाई गई।

इस दौरान पार्षद प्रतिमा शर्मा ने बताया कि वार्ड को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पार्कों की नियमित सफाई, कूड़ा उठान और पेड़-पौधों की सिंचाई की पुख्ता व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों को हरियाली व स्वच्छ वातावरण मिल सके।

पार्षद ने कहा कि क्षेत्र में जो विकास कार्य अधूरे पड़े हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाएगा। जलभराव व गंदगी की समस्या न हो, इसके लिए नालियों की मशीन से सफाई करवाई गई है। सफाई इस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वार्ड बनाना केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों से भी अपील है कि कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें और सफाई अभियान में सहयोग करें। स्थानीय निवासियों ने पार्षदों व सफाई टीम के इस प्रयास की सराहना की।

# शेयर बाजार निवेश के नाम पर 17.30 लाख की ठगी साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू की



**नोएडा (करंट क्राइम)।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर सेक्टर-49 क्षेत्र के एक युवक से 17 लाख 30 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि बरौला गांव स्थित हनुमान विहार निवासी 27 वर्षीय राकेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि कुछ लोगों ने खुद को निवेश विशेषज्ञ बताकर उससे संपर्क किया।

आरोपियों ने शेयर बाजार में कम समय में अधिक लाभ दिलाने का भरोसा देकर उसका विश्वास जीत लिया। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग चरणों में राकेश से कुल 17.30 लाख रुपये निवेश करवा लिए। शुरूआती दौर में लाभ का झांसा दिया गया, लेकिन जब पीड़ित ने अपनी निवेशित राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो आरोपी टालमटोल करने लगे। संदेह होने पर उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई, जिसके आधार पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अब आरोपियों तक पहुंचने के लिए संबंधित बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल लेनदेन की जांच कर रही है। साइबर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि निवेश संबंधी किसी भी ऑनलाइन प्रस्ताव पर भरोसा करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांच लें और किसी अनजान व्यक्ति या संस्था के कहने पर धनराशि निवेश न करें।

# बड़ी कार्रवाई: एमडीएमए के साथ दो विदेशी गिरफ्तार, 4 लाख की ड्रग्स बरामद



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के थाना इकोटेक-1 पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 39.27 ग्राम एमडीएमए (मेथाम्फेटामाइन) बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 3 से 4 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद किया है।

थाना इकोटेक-1 के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार वर्मा ने बताया कि थाना पुलिस ने आज लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्मशान भूमि कट के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नाइजीरियाई मूल के दो आरोपियों एंथनी चिनवुबा उर्फ डेविड पुत्र अनेके तथा एमोस मूसा उर्फ लकी पुत्र एर. एमोस बी. मूसा को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 39.27 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ एमडीएमए/मेथाम्फेटामाइन बरामद हुई। इसके अलावा पुलिस ने एक स्कूटी तथा मादक पदार्थ की तौल के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी कब्जे में लिया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी ड्रग्स की आपूर्ति कहां से करते थे और उनके नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# नोएडा एयरपोर्ट की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था होगी चाक-चौबंद

## सीपी लक्ष्मी सिंह ने दिए कड़े निर्देश

**नोएडा (करंट क्राइम)।** पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को सेक्टर 108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय पर हुई बैठक कर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को दृष्टिगत पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 में विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि एयरपोर्ट के सुचारू एवं सुरक्षित परिचालन के लिए आवश्यक पुलिस प्रबंध, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा मानकों के अनुपालन, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाए जाने की जरूरत है। सभी संबधित विभाग तय कार्ययोजना को पूरा करें और आपसी समन्वयन से काम करें। सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए और उसका धरातल पर पालन कराये। इसके अतिरिक्त यमुना एक्सप्रेसवे व एयरपोर्ट क्षेत्र में यातायात प्रबंधन, यात्रियों की सुगमता, पार्किंग व्यवस्था, सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं, हेल्प डेस्क संचालन, महिला सुरक्षा तथा वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) राजीव नारायण मिश्र, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यीडा.एवं नोडल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया, डीसीपी साद मियां खान, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रवीण रंजन सिंह, प्रभारी डीसीपी यातायात अभय कुमार मिश्र, एयरपोर्ट आफिसर पूनम मिश्रा आदि रहे।

# दर्दनाक हादसा: गर्ल्स हॉस्टल की छठी मंजिल से कूदकर महिला गार्ड ने दी जान

**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में कार्यरत महिला सुरक्षा गार्ड ने हॉस्टल की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। गंभीर हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद को घटना का कारण माना जा रहा है।



थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नॉलेज पार्क-3 स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत पारूल (19 वर्ष), निवासी जनपद मेरठ, शनिवार को हॉस्टल की छठी मंजिल से नीचे कूद गई। घटना के बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार, पारूल ने करीब छह माह पूर्व सौरभ चौधरी के साथ प्रेम विवाह किया था। सूचना मिलने पर पुलिस एवं वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

पुलिस ने मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि परिजनों की ओर से कोई तहरीर दी जाती है तो उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली है कि पारूल और उसके पति के बीच किसी तीसरे व्यक्ति को लेकर विवाद चल रहा था। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

## 11 चोरी की बाइक और तमंचे के साथ 2 गिरफ्तार




**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-20 पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की 11 मोटरसाइकिलें तथा एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरोह के दो सदस्यों सोनू हलदर और नाजिम को सेक्टर-28 क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ और उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद कीं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले विभिन्न क्षेत्रों में रेकी करते थे और मौका मिलने पर दोपहिया वाहन चोरी कर लेते थे। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू हलदर के पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। एडीसीपी ने बताया कि दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और उनके खिलाफ पहले से विभिन्न थानों में चोरी समेत अन्य मामलों के छह मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस उनके आपराधिक इतिहास और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाने में लगी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आंधी-बारिश बनी बाधा, गुड लक ग्लेडिएटर और रैना सुपर किंग को मिला एक-एक अंक



**गाजियबाद, करंट क्राइम :** जीपीएल लीग में शनिवार रात खेला जाने वाला मुकाबला मौसम की भेंट चढ़ गया। गुड लक ग्लेडिएटर और रैना सुपर किंग के बीच निर्धारित मैच आधी रात तक इंतजार के बावजूद शुरू नहीं हो सका।

लगातार बारिश और मैदान की खराब स्थिति के कारण आयोजकों ने मैच रद्द करने का फैसला लिया। दिनेश रैना ने बताया है कि मैच नहीं हो पाने के चलते लीग नियमों के अनुसार दोनों टीमों को एक-एक अंक प्रदान कर दिया गया। मुकाबले को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में काफी उत्साह था, लेकिन मौसम ने खेल का मजा किरकिरा कर दिया। क्रिकेट में बारिश के कारण मैच रद्द होने की स्थिति में दोनों टीमों को एक-एक अंक दिए जाने का प्रावधान आम तौर पर अपनाया जाता है। अब दोनों टीमें अगले मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास करेंगी।

जीपीएल लीग के आयोजकों को उम्मीद है कि आगामी मैच मौसम की बाधा के बिना सफलतापूर्वक आयोजित किए जा सकेंगे।

# नोएडा में ऑनलाइन मंगाए वेज पुलाव में निकले कीड़े

## युवक ने बनाया वीडियो, 20 साल पुराने रेस्टोरेंट के संचालक ने माफी मांगी



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में एक रेस्टोरेंट से ऑनलाइन ऑर्डर किए गए वेज पुलाव में कीड़े मिलने का मामला सामने आया है। यह घटना रामपुर मार्केट स्थित एक निजी रेस्टोरेंट की है। युवक ने एक ऑनलाइन ऐप के जरिए इस रेस्टोरेंट से वेज पुलाव ऑर्डर किया था। युवक का कहना है कि वेज पुलाव में कीड़े निकले थे। युवक ने कीड़े दिखाते हुए वीडियो भी बनाया है। राहुल के मुताबिक, जब उन्होंने घर पर परिवार के सामने खाना परोसा, तो वेज पुलाव में कीड़े दिखाई दिए। यह देखकर परिवार के लोग हैरान रह गए। इसके बाद राहुल ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया।

रेस्टोरेंट के पास लाइसेंस और फूड सेफ्टी वैध रजिस्ट्रेशन है। ये रेस्टोरेंट 20 साल से ज्यादा पुराना है। वीडियो वायरल होने के बाद रेस्टोरेंट संचालक ने राहुल से संपर्क कर माफी मांगी। राहुल ने बताया कि जिस रेस्टोरेंट से खाना मंगाया गया था, उसका संचालक उनका रिश्तेदार है। इसी वजह से वह मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं करना चाहते। राहुल ने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक द्वारा माफी मांगने के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से वीडियो भी हटा दिया है। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने खाने की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल उठाए हैं।

# फर्जी एयरलाइन टिकट बुकिंग गिरोह का भंडाफोड़ 13 साइबर अपराधी गिरफ्तार




**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने विदेशी नागरिकों को फर्जी एयरलाइन टिकट बुकिंग के नाम पर ठगने वाले एक संगठित अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो महिलाओं समेत 13 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 13 लैपटॉप, 16 मोबाइल फोन तथा अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में करीब 10 करोड़ रुपये के अंतरराष्ट्रीय लेनदेन और विदेशी पीड़ितों का डेटा मिलने की बात सामने आई है।

थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि संकलित तकनीकी अभिसूचना और लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सेक्टर-63 स्थित एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारकर 13 आरोपियों रवि खुराना पुत्र राजेन्द्र खुराना, दीपक कुमार पुत्र श्रीकृष्ण गोपाल, शोभित दीक्षित पुत्र प्रदीप दीक्षित, दिलीप पाण्डेय पुत्र सुरेश चन्द्र पाण्डेय, शुभम चौधरी पुत्र स्व. अशोक चौधरी, साहिब चौहान पुत्र आँचल चौहान, रित्विक राय पुत्र जयंत राय, हिमांशु मलिक पुत्र अजय मलिक, प्रत्यक्ष शर्मा पुत्र इन्द्रदत्त शर्मा, जितेश कामरा पुत्र जोगेन्द्र कामरा, देव अग्रवाल पुत्र हिमांशु अग्रवाल, आरती पत्नी प्रदीप सिंह और स्वाती रागौर पुत्री रमेश रागौर को सेक्टर-63 से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी उच्च शिक्षित हैं और अमेरिकी एवं यूरोपीय लहजे (एक्सेंट) में अंग्रेजी बोलकर विदेशी नागरिकों का विश्वास जीत लेते थे। विज्ञापनों के माध्यम से अमेरिका और यूरोप के नागरिकों को अपने जाल में फंसाया जाता था। जब ग्राहक दिए गए नंबरों पर संपर्क करते थे तो कॉल सीधे उनके लैपटॉप में संचालित डायलर सॉफ्टवेयर पर पहुंचती थी।

इसके बाद आरोपी स्वयं को एयरलाइन या ट्रैवल एजेंसी का प्रतिनिधि बताकर सस्ती दरों पर टिकट उपलब्ध कराने का झांसा देते थे और पीड़ितों से भुगतान प्राप्त कर लेते थे। कई मामलों में फर्जी टिकट भेजे जाते थे, जबकि कुछ मामलों में टिकट जारी ही नहीं किए जाते थे। अधिकांश टिकट कई माह बाद की यात्रा के लिए बुक किए जाते थे, जिससे धोखाधड़ी का पता काफी देर से चलता था। पुलिस के अनुसार बरामद डिजिटल उपकरणों की जांच में लगभग 10.50 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 10 करोड़ रुपये) के लेनदेन और बड़ी संख्या में विदेशी ग्राहकों का डेटा मिला है। इससे यह स्पष्ट हुआ है कि गिरोह संगठित तरीके से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था।

पुलिस अब बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच करा रही है तथा गिरोह के नेटवर्क, बैंक खातों और अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।